▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 66
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शनिवार 19 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


## ब्रीफ न्यूज

### आज अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिकी का भविष्य पर



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 19 और 20 सितंबर, 2026 को किया जा रहा है। इसमें पर्यावरण विशेषज्ञ, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सहित कई हितधारक शामिल होंगे।

### एमएस बिट्टा 21 सितंबर को जोधपुर आएंगे

**जोधपुर।** अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष एम.एस. बिट्टा सोमवार, 21 सितंबर को जोधपुर आएंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिट्टा 21 सितंबर को प्रातः 7.30 बजे जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे तथा प्रातः 8 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस से रामदेवरा, जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगे। बिट्टा उसी दिन रात्रि 9 बजे पुनः जोधपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा रात्रि 11.40 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पीएम फसल बीमा योजना में फार्मर आईडी जरूरी

**जोधपुर।** कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना, के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसल वर्ष 2026-27 के लिए फसल बीमा की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिसमें फसल बीमा के लिए फार्मर आईडी अंकित किया जाना अनिवार्य हैं। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जोधपुर डॉ जीवनराम भाकर ने बताया कि फार्मर आईडी का निर्माण एवं सत्यापन राजस्व विभाग से सम्बन्धित है।

### बांग्लादेश-तुर्किये मिलकर ड्रोन फैक्ट्री बनाएंगे

**ढाका।** पाकिस्तान के बाद अब तुर्किये बांग्लादेश में भी अपनी डिफेंस इंडस्ट्री का दायरा बढ़ा रहा है। बांग्लादेश और तुर्किये अब मिलकर ड्रोन बनाने की तैयारी में हैं। दोनों देशों की साझेदारी से बोगुरा में ड्रोन फैक्ट्री बनाई जाएगी। इस ड्रोन फैक्ट्री की लागत 25 हजार करोड़ रुपए है। तुर्किये बांग्लादेश को ड्रोन बनाने की तकनीक भी देगा। बोगुरा भारत की सीमा से करीब 75 किमी दूर है। बोगुरा बांग्लादेश के उत्तरी हिस्से में है।

### 6 साल में साइबर क्राइम की 54 लाख शिकायतें

**नई दिल्ली।** देश में साइबर क्राइम के मामलों में एफआईआर दर्ज होने की दर बेहद कम है। 2019 से 2024 के बीच छह साल में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर 53.93 लाख शिकायतें आईं। लेकिन, एफआईआर सिर्फ 1.30 लाख यानी 2.4% मामलों में ही दर्ज हुईं। राज्यसभा की गृह मामलों से संबंधित स्थायी समिति की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई।

### » अंदर विशेष


▪ सरदारशहर कच्चा बस स्टैंड: हाईकोर्ट ने स्ट्रीट वेंडर को बनाया पक्षकार
...पढ़ें पेज 2 पर

▪ 18.34 लाख की स्टाइपेंड पर छात्रा को आयकर से राहत - आईटीएटी दिल्ली
...पढ़ें पेज 3 पर


# जोधपुर महापौर चुनाव: भाजपा के दावे ने मचाई सियासी हलचल, पहले दिन कांग्रेस व भाजपा के साथ ही अन्य किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया

## भाजपा के लिए अधिवक्ता नाथूसिंह ने नामांकन पत्र प्राप्त किया, लेकिन प्रत्याशी का नाम बताने से इनकार किया

जूम न्यूज • जोधपुर

**जोधपुर।** जोधपुर महापौर पद के लिए मतदान की लोक सूचना शुक्रवार को जारी कर दी गई। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। हालांकि कांग्रेस के लिए 2 और भाजपा के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लिए। दरअसल, राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम जोधपुर के 100 वार्डों के चुनाव होने के बाद 25 सितम्बर को महापौर और 26 सितम्बर को उप महापौर के मतदान का कार्यक्रम घोषित किया था। महापौर के मतदान के लिए शुक्रवार को लोक सूचना जारी की गई। इसी के साथ शुक्रवार व शनिवार सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक नगर निगम में तीसरी मंजिल पर कमरा नम्बर 307 में महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

### बिना चुनाव लड़े ही धौलपुर नगर परिषद के निर्विरोध सभापति चुने गए गिरीश गर्ग

पहले दिन कांग्रेस व भाजपा के साथ ही अन्य किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उधर, भाजपा के लिए अधिवक्ता नाथूसिंह ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। उन्होंने प्रत्याशी का नाम बताने से इनकार किया। वहीं, कांग्रेस के लिए तीन नामांकन पत्र लिए गए हैं, जो गणपतसिंह, सरस्वती व नरेशचन्द्र जोशी के लिए बताए जाते हैं। कार्यक्रम के तहत शनिवार दोपहर तीन बजे महापौर पद के लिए नामांकन पत्र जमा कराने का अंतिम दिन है। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी अब अंतिम दिन ही नामांकन पत्र जमा करेंगे। जोधपुर महापौर की रेस में भाजपा से प्रसन्नचंद मेहता, मेघराज लोहिया, कमलेश पुरोहित, कन्हैयालाल परीक और सुभाष गहलोत का नाम शामिल है। देखना होगा पार्टी किसके नाम पर मुहर लगाती है।

### भाजपा का बहुमत का दावा: ये निर्दलीय हुए शामिल

भारतीय जनता पार्टी ने जोधपुर निगम के लिए आवश्यक बहुमत जुटा लिया है। भाजपा कैम्प में 7 निर्दलीय पार्षदों के बाड़े में पहुंचने के बाद उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी ने 52 पार्षदों फोटो और वीडियो जारी करते हुए दावा किया है कि जोधपुर नगर निगम में बोर्ड के गठन के लिए उसके पास पर्याप्त बहुमत है। पार्टी महामंत्री एवं जोधपुर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सैनी को सात निर्दलीय पार्षदों को दुपट्टा पहनकर भाजपा में शामिल किया।

### निर्दलीय पार्षद जिन्होंने भाजपा को समर्थन दिया है

भाजपा में शामिल होने वाले निर्दलीय पार्षदों में वार्ड 5 से विशाल सांखला, वार्ड 19 से दिनेश शर्मा, वार्ड 20 से चेतन गहलोत, वार्ड 47 से मोहन राम चौधरी, वार्ड 48 से दुर्गा मेवाड़ा, वार्ड 76 से निर्मला नायक और वार्ड 81 से स्वरूप सिंह शामिल हैं।

### यह रहा एक्शन प्लान

नगर निगम में बहुमत नहीं आने के बाद से ही भाजपा सक्रिय हो गई थी, और बहुमत जुटाने के लिए कमान उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई को सौंप दी थी। जो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देश पर लगातार काम कर रहे थे। व्यक्तिगत तौर पर वे निर्दलीयों पार्षदों से लगातार संपर्क में थे। उनके इस काम में शहर विधायक अतुल भंसाली व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल सहयोगी रहे। रणनीति के तौर पर एक-एक पार्षद से अलग-अलग बात की गई। विश्नोई पिछले कुछ दिनों से जोधपुर में ही डेरा डाले हुए है। वे लगातार पूरे घटनाक्रम पर निगाहें रखे हुए थे। महेन्द्र राठौड़ स्वरूपसिंह को लेकर कैम्प में गए थे। वहीं कैम्प का मैनेजमेंट संगठन के पदाधिकारी देख रहे थे। अंतिम मोहर प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी के आने के बाद लगी। गुरुवार को 7 निर्दलीय पार्षदों को पार्टी का दुपट्टा पहना दिया गया। पर इससे पहले पूरा ग्राउण्ड वर्क केके विश्नोई, विधायक अतुल भंसाली कर चुके थे।

### रणनीति ने बदली नगर निगम की सियासी तस्वीर

जोधपुर नगर निगम चुनाव के बाद बोर्ड गठन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। ऐसे समय में सात निर्दलीय पार्षदों को भाजपा के साथ जोड़ना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है। पार्टी ने मतगणना के बाद से ही निर्दलीय पार्षदों को पार्टी खेमे में लेने के लिए जुटे रहे और गुरुवार शाम तक 7 निर्दलीय पार्षदों को जोड कर बहुमत के आंकडे 52 तक पहुंचाया।

### पुनर्मतदान में जीत के साथ भाजपा टॉप पर, 45 पार्षद जीते

जोधपुर नगर निगम जोधपुर के वार्ड-50 से भाजपा प्रत्याशी हेमाराम चौधरी विजयी रहे। पुनर्मतदान के बाद गुरुवार को मतगणना में उन्होंने कांग्रेस के युवराज को 83 वोटों से हराया। इसके साथ ही भाजपा 45 पार्षद जीतकर टॉप पर पहुंच गई। कांग्रेस के 44, आरएलपी का एक और 10 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। 100 वार्ड वाले नगर निगम जोधपुर में भाजपा और कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाईं हैं।

## बोले जायसवाल, नई दिल्ली की कड़ी फटकार पर आई पाकिस्तानी प्रतिक्रिया टालमटोल संग सच पर पर्दा डालने की कोशिश है

# पाकिस्तान के एसईजेड में कोलकाता युद्धपोत ने नहीं किया प्रवेश, भारत ने खारिज किए आरोप

नई दिल्ली

बीते मंगलवार रात अरब सागर में भारतीय नौसेना के अग्रिम पंक्ति के जंगी युद्धपोत आईएनएस कोलकाता और पाकिस्तान की नौसेना के अपतटीय गश्ती जहाज (ओपीवी) पीएनएस हुनैन के बीच हुई टक्कर के मामले को लेकर पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों को भारत ने सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। यहां शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस घटना के वक्त कोलकाता युद्धपोत पश्चिमी अरब सागर में अपनी नियमित तैनाती पर था। तभी पाकिस्तानी जहाज हुनैन ने समुद्र में अस्वीकार्य और गैर पेशेवर व्यवहार किया। जिसकी वजह से ये टक्कर हुई। जबकि इस दौरान कोलकाता युद्धपोत ने दुश्मन देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में प्रवेश नहीं किया। ऐसे में इस्लामाबाद द्वारा नई दिल्ली पर मढ़े गए आरोपों में कोई दम नहीं है। पूरा मामला हमारी उम्मीद के मुताबिक, हमेशा की तरह टालमटोल वाला रहा।

ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर जायसवाल ने दी है



### बनी रहे 3 समुद्री मील की दूरी

रणधीर ने बताया कि इस टक्कर के पीछे की असली वजह, हुनैन जहाज की समुद्री इलाके में खतरनाक तरीके से युद्धपोत को ओवरटेक करने यानी उससे आगे निकलने की पैंतरेबाजी, वर्ष 1991 के समझौते में शामिल अनुच्छेद-10 का गंभीर रूप से किया गया उल्लंघन है। जिसमें सैन्य अभ्यासों, सैनिकों की आवाजाही से पहले दोनों देशों के बीच अनिवार्य रूप से पूर्व सूचना दी जानी चाहिए। यह अनुच्छेद ये भी साफ करता है कि समुद्री क्षेत्र में नौसैन्य इकाइयां एक-दूसरे के 3 समुद्री मील के इलाके में नहीं आनी चाहिए।

### नियम-कायदों को किया तार-तार

मंत्रालय के प्रवक्ता ने ये भी कहा कि इस टक्कर से भारतीय युद्धपोत को ढांचागत रूप से कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। साथ ही उसमें सवार सभी नौसैन्य कर्मी सुरक्षित हैं। वर्तमान में कोलकाता युद्धपोत पूरी मुस्तैदी के साथ अरब सागर में देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए तैनात है। मामले पर हमने हालांकि कड़ी आपत्ति जताते हुए राजधानी में तैनात पाकिस्तान के कार्यवाहक उच्चायुक्त (सीडीए) को तलब कर विरोध जताया और उन्हें इस बात की हिदायत दी गई है कि वो इस प्रकरण को लेकर अपने देश के संबंधित उच्च-अधिकारियों तक भारत के पक्ष को स्पष्ट रूप में रखें। साथ ही हम पुनः दोहराते हैं कि पाकिस्तान को अपनी सभी सैन्य इकाइयों को समुद्री क्षेत्र में संचालन करने के लिए उचित सावधानी बरतने और दोनों देशों के बीच हुए प्रासंगिक समझौतों में शामिल प्रावधानों का सम्मान करने की आवश्यकता है।

### ममता की कैंडिडेट हटीं, कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन, वो गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उपचुनाव से 18 दिन पहले ममता गुट की महिला कैंडिडेट संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को नंदीग्राम सीट से नामांकन वापस ले लिया है। संचिता ने इससे पहले बंगाल सीएम शुभेंदु से मुलाकात की थी। इसके बाद ममता ने नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को समर्थन देने की बात कही। 2 घंटे बाद बंगाल पुलिस ने मिलन को अरेस्ट कर लिया।

नंदीग्राम सीट मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खाली की थी। रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई। दोनों सीटों पर 6 अक्टूबर को चुनाव होगा, रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा। चुनाव आयोग ने TMC के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' का चिह्न मिला है, जबकि दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' और 'लिफाफा' दिया गया है। इससे एक दिन पहले आयोग ने दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' वाला मूल चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने CNN को व्हाइट हाउस से बैन किया

▪ दो अन्य मीडिया हाउस पर भी कार्रवाई, कहा- ये फेक न्यूज फैलाते हैं

**वॉशिंगटन डीसी।** वॉशिंगटन में 18 सितंबर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने



CNN, MS NOW और पॉलिटिको को व्हाइट हाउस से बैन करने का ऐलान किया। उन्होंने आगे और मीडिया संस्थानों पर ऐसी पाबंदी लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि इन संस्थानों की लगातार फेक न्यूज कवरेज के कारण यह रोक लगाई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया साइट पर लिखा कि यह रोक तुरंत प्रभाव से लागू होगी। इससे पहले ट्रम्प ने फरवरी 2025 में एसोसिएटेड प्रेस (AP) के पत्रकारों पर भी ऐसी ही रोक लगाई थी। तब ट्रम्प ने AP के पत्रकारों को ओवल ऑफिस, अपने विमान एयरफोर्स वन और अन्य कार्यक्रमों में जाने से रोक दिया था। यह कार्रवाई AP के गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने के उनके फैसले का समर्थन नहीं करने के बाद की थी।

# IIT बॉम्बे में स्टूडेंट ने किया सुसाइड, कैंपस में प्रदर्शन

**मुंबई।** IIT बॉम्बे के सेकेंड ईयर के स्टूडेंट ने शुक्रवार शाम आत्महत्या कर ली। वह एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में पढ़ता था। इससे पहले वह दिन में एग्जाम के दौरान मोबाइल फोन इस्तेमाल करते पकड़ा गया था।

IIT बॉम्बे के मुताबिक, उसने क्वेश्चन पेपर ChatGPT पर अपलोड किया था। इस मामले में छात्र के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पुलिस के मुताबिक, परीक्षा शाम 4 बजे खत्म हुई, जिसके बाद छात्र अपने कमरे में गया। शाम को वह अपने हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए राजावाड़ी अस्पताल भेजा गया है। 7 महीने में ये IIT बॉम्बे के कैम्पस में सुसाइड का तीसरा मामला है। सुसाइड की खबर मिलते ही स्टूडेंट्स ने कॉलेज कैंपस में प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# माचिया जैविक उद्यान: 14 वर्षीय शेरनी का निधन

## गुजरात के शक्करबाग से 2016 में लाई गई थी शेरनी, 3 शावकों को दिया जन्म, वर्तमान में उद्यान में मौजूद एकमात्र शेर भी इसी शेरनी का पुत्र

जूम न्यूज • जोधपुर

माचिया जैविक उद्यान, जोधपुर की एकमात्र शेरनी का शुक्रवार प्रातः 14 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शेरनी के निधन के पश्चात् पशु चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा वन विभाग के अधिकारियों तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। इसके पश्चात् अधिकारियों की मौजूदगी में माचिया वन खण्ड में नियमानुसार शेरनी का दाह संस्कार किया गया।

### शेरों के संरक्षण एवं प्रजनन में रहा महत्वपूर्ण योगदान

उप वन संरक्षक वन्यजीव श्री उदा राम सियोल ने बताया कि उक्त शेरनी को 18 मार्च, 2016 को गुजरात के शक्करबाग जंतुआलय, जूनागढ़ से माचिया जैविक उद्यान लाया गया था। उद्यान में लाए जाने के पश्चात् शेरनी ने अलग-अलग समय पर तीन शावकों को जन्म दिया, जिनका पालन-पोषण माचिया जैविक उद्यान में ही हुआ। उन्होंने बताया कि वर्तमान में माचिया जैविक उद्यान में मौजूद एकमात्र शेर भी इसी शेरनी का पुत्र है।

इस प्रकार शेरनी का माचिया जैविक उद्यान में शेरों के संरक्षण एवं प्रजनन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पोस्टमार्टम एवं दाह संस्कार की कार्रवाई के दौरान पशु चिकित्सकों की टीम, उप वन संरक्षक, सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी, माचिया जैविक उद्यान के अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस विभाग से एएसआई एवं राजस्व विभाग से आरआई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में बेंगलुरु में हुआ कार्यक्रम, सौंपे गए 2 तेजस और 3 एचटीटी-40 ट्रेनर विमान

# लड़ाकू विमानों की कमी से जूझती वायुसेना को एचएएल से मिले 5 ट्रेनर विमान



बोले एचएएल के सीएमडी रवि.के., सॉफ्टवेयर में आई दिक्कतों के चलते हो रही तेजस मार्क1ए की डिलीवरी में देरी

नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बढ़ते सुरक्षा खतरों के बीच लड़ाकू विमानों की कमी से दो-चार होती भारतीय वायुसेना को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को कुल 5 ट्रेनर विमान सौंपे हैं। जिनमें 2 ट्विन सीटर हल्के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस हैं। जबकि 3 अन्य एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में बेंगलुरु में इस पूरी कवायद को एक कार्यक्रम के जरिए अमलीजामा पहनाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों प्रशिक्षु तेजस विमान उड़ान के लिए दी गई अंतिम रणनीतिक मंजूरी (एफओसी) हासिल कर चुके हैं। जबकि कार्यक्रम के दौरान ही पवन हंस लिमिटेड को रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा अगली पीढ़ी के 4 ध्रुव हेलीकॉप्टर प्रदान किए गए। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के.राममोहन नायडू इस दौरान मौजूद रहे।

### सैन्य, असैन्य जरूरतें पूरी होनी चाहिए

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह अवसर देश की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमता, तकनीकी आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को दर्शाना वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लेकिन इस मामले में अधिक सफलता हासिल करने और देश के भीतर एयरोस्पेस क्षमताओं के निर्माण के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर तालमेल होना अति आवश्यक है। हम अपने एयरोस्पेस सेक्टर को आत्मनिर्भरता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाना चाहते हैं। हालांकि इन प्रणालियों के विकास में अचानक कोई बिग बैंग नहीं हो सकता है। ये एक व्यापक तथा क्रमिक प्रक्रिया है। जो कई घटकों के समावेश से मिलकर बनी है। ऐसे में प्रत्येक उत्पाद एक लंबी सीढ़ी के छोटे-छोटे पायदानों के बराबर है। जिसे



लेकर चुनौतियां आएंगी। लेकिन हमें कदम दर कदम आगे बढ़ना पड़ेगा। उन्होंने सभी भागीदार पक्षों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें सैन्य और नागरिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### तेजस, एचटीटी-40 को लेकर की टिप्पणी

उन्होंने तेजस ट्रेनर विमान को मिली एफओसी को लेकर कहा कि यह चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण के लिए वायुसेना के पायलटों को सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। साथ ही ये हमारी स्वदेशी सैन्य एयरोस्पेस क्षमता, लड़ाकू विमान पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। जबकि दूसरी ओर एचटीटी-40 विमान को लेकर उन्होंने कहा कि सालों से बल को अपनी बुनियादी प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों से आयातित विमानों पर निर्भर रहना पड़ा है। लेकिन अब इस मामले में एचएएल स्वदेशी निर्माण कर रहा है। राजनाथ सिंह के मुताबिक, अब वैश्विक बाजारों में एचटीटी-40 विमान की मांग होगी। रक्षा मंत्री ने पवन हंस लिमिटेड को सौंपे गए ध्रुव हेलीकॉप्टरों को लेकर कहा कि ये हमारी स्वदेशी नागरिक एयरोस्पेस क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### युवाओं को दी यह सलाह

राजनाथ सिंह ने युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को सलाह देते हुए कहा कि भारत का वैश्विक एयरोस्पेस नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए हमें परिवर्तनकारी तकनीक विकसित करनी चाहिए। युद्ध की बदलती प्रकृति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में हवाई अभियान सूचना प्रधान और प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे। जिसमें जटिल प्रणालियों को देश के अंदर विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। युद्धक प्रभावशीलता प्रशिक्षित कर्मियों, उन्नत प्रौद्योगिकी, एकीकृत प्रणालियों व जल्द निर्णय लेने की क्षमता के संयोजन से सुनिश्चित की जा सकती है।

### बदलावों के लिए तैयार रहे भारत

उन्होंने एआई, स्वायत्त प्रणालियों, मानव रहित हवाई प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, साइबर प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में हो रहे बदलावों को लेकर तैयार रहने और इस संबंध में स्वदेशी क्षमता विकसित करने पर जोर दिया है। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने अनुसंधान-विकास को बेहद महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र करार देते हुए कहा कि युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को ऐसी तकनीक विकसित करने की चुनौती स्वीकारनी चाहिए। जो वर्तमान में मौजूद नहीं है, मतलब अस्तित्व में नहीं है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं के निर्माण के लिए प्रतिस्पर्धी नहीं सहयोगी के तौर पर एक-दूसरे को देखने की आवश्यकता है।

### तकनीकी दिक्कतों से लटकी तेजस की डिलीवरी

वहीं, पत्रकारों से बातचीत में एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के.रवि ने तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमान की वायुसेना को की जाने वाली डिलीवरी में लगातार हो रही देरी के पीछे की वजह बताई है। जिसमें उन्होंने कहा कि इस बाबत देरी फिलहाल सॉफ्टवेयर से जुड़ी हुई दिक्कतों के सामने आने की वजह से हो रही है। फिलहाल जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। जिसमें हमारी कोशिश यही है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दूर कर विमानों की वायुसेना को आपूर्ति की शुरुआत की जाए। मामले को लेकर उन्होंने कोई तय समयसीमा नहीं बताई है। विमान की डिलीवरी करने के लिए उसका पूरी तरह से तैयार होना जरूरी होता है। अभी हम उस स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि हम इसे लेकर काफी परिश्रम कर रहे हैं।

### 5 साल में देंगे 70 एचटीटी-40 विमान

*एचएएल प्रमुख ने यह भी कहा कि वायुसेना को अगले चार से पांच साल में सभी 70 एचटीटी-40 प्रशिक्षु विमानों की डिलीवरी की जा सकती है। एचएएल अपनी उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी करने और इस बाबत किसी भी तरह की देरी से निपटने के लिए गैर-मुख्य निर्माण कार्य को निजी क्षेत्र की कंपनियों को सौंप रहा है। उत्पादन को तीन अलग-अलग डिवीजनों में विभाजित किया गया है।*

### युद्धक ड्रोन के प्रोटोटाइप का निर्माण शुरू

*उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि एचएएल ने कॉम्बैट एयर टीमिंग सिस्टम के स्वायत्त ड्रोन के प्रोटोटाइप का निर्माण शुरू कर दिया है। जिसे सीएटीएस वॉरियर भी कहा जाता है। इसे एक ऐसे प्लेटफार्म के रूप में हम विकसित कर रहे हैं। जो भविष्य में लड़ाकू विमानों के साथ काम करने के लिए पूरी तरह से योग्य होगा। एचएएल द्वारा पवन हंस को 10 ध्रुव हेलीकॉप्टर सौंपे जाएंगे।*

# भादवी जागरण में 23 बालिकाओं का सम्मान, शिक्षा के लिए आगे बढ़ने का आह्वान



**जूम न्यूज • चूरू।** मुनीमजी की ढाणी स्थित श्री देवनारायण भगवान मंदिर में भादवी के छठे अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भव्य जागरण एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों और भक्ति संगीत का आनंद लिया। लिखमाराम लोहमरोड़ स्मृति ट्रस्ट की ओर से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन और सामाजिक कुरीतियों के निवारण के उद्देश्य से सम्मान समारोह हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही 23 बालिकाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और उन्हें शिक्षा के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को जोड़ने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक प्रयास का आह्वान किया गया। रतनलाल लोहमरोड़ ने मंदिर के पुजारी देवीसिंह मणकस को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भगवानाराम डोई, गिरधारी लाल नून, माणकचंद डोई, संजय डोई, पंकज जिनड़, मोनिका छावड़ी, दिनेश डोई, अनवर अली लुहार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। संचालन डीएसपी रामचन्द्र गुर्जर ने किया।

## ब्रीफ न्यूज

### 4 निर्दलीय भाजपा के साथ आए, अब 29 का दावा; बागी उम्मीदवारों से मुकाबला दिलचस्प



**जूम न्यूज • सरदारशहर**

नगर परिषद सभापति चुनाव से पहले भाजपा ने चार निर्दलीय पार्षदों के समर्थन का दावा किया है। भाजपा के अनुसार कविता स्वामी, कविता कंवर, शिवभगवान बागड़ी और सुशीला विकास राकसीया ने पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर भाजपा की विचारधारा और विकास-सुशासन के संकल्प में विश्वास जताते हुए सभापति चुनाव में समर्थन देने की बात कही। नगर परिषद चुनाव में भाजपा के 25, कांग्रेस के 22 और 8 निर्दलीय पार्षद चुने गए थे। चार निर्दलीयों के समर्थन के दावे के बाद भाजपा के साथ 29 पार्षदों का आंकड़ा बनता है, जबकि सभापति चुनाव में बहुमत के लिए 28 पार्षदों की जरूरत है। हालांकि मतदान तक समर्थन कायम रहता है या नहीं, यह चुनाव के दिन स्पष्ट होगा। इधर, भाजपा के सामने बागी उम्मीदवारों की चुनौती भी है। भाजपा से जुड़े सरला हंसराज सिद्ध और डिंपल कानसिंह के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने की बात सामने आई है। ऐसे में 18 सितंबर को नाम वापसी के बाद मुकाबले की तस्वीर साफ होगी। इसके बाद पार्षदों के समर्थन के दावों की वास्तविक परीक्षा मतदान के दिन होगी।

### मंत्री के घर के सामने कथित अवैध पाइल्स क्लीनिक सीज, लाइसेंस नहीं मिला

**जूम न्यूज • बीकानेर**

सादुलगंज इलाके में मंत्री के घर के सामने संचालित जनता पाइल्स क्लीनिक पर गुरुवार को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। मरीज के परिजनों की शिकायत के बाद टीम मौके पर पहुंची। जांच में क्लीनिक संचालकों




की ओर से चिकित्सा संचालन संबंधी वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की बात सामने आई। जॉइंट डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र चौधरी और सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध सहित अधिकारियों ने क्लीनिक के दस्तावेजों और चिकित्सा गतिविधियों की जांच की। अधिकारियों के अनुसार चिकित्सकों के जवाब भी संतोषजनक नहीं मिले। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। क्लीनिक में आयुर्वेदिक उपचार का दावा किया जा रहा था, जबकि मरीजों को एलोपैथी दवाएं लिखे जाने की बात सामने आई है। कुछ मरीजों के परिजनों ने उपचार के बाद तबीयत बिगड़ने के आरोप भी लगाए हैं, जिनकी पुष्टि जांच के बाद होगी। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज-गांधीग्राम स्पेशल अब साबरमती तक चलेगी

**जूम न्यूज • बीकानेर**

गांधीग्राम स्टेशन पर प्लेटफार्म कार्य के चलते प्रयागराज-गांधीग्राम-प्रयागराज द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन अब प्रयागराज-साबरमती-प्रयागराज के रूप में किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04179 प्रयागराज-साबरमती 3 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को शाम 4 बजे प्रयागराज से रवाना होकर बुधवार एवं शनिवार को दोपहर 3.40 बजे साबरमती पहुंचेगी। वापसी में साबरमती-प्रयागराज स्पेशल 4 अक्टूबर से 29 नवंबर तक निर्धारित दिनों में संचालित होगी। फतेहपुर से मेहसाणा के बीच ट्रेन का संचालन समय पूर्व निर्धारित प्रयागराज-गांधीग्राम स्पेशल के अनुसार ही रहेगा।

## सरदारशहर कच्चा बस स्टैंड मामले में हाईकोर्ट का आदेश, लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर को बनाया पक्षकार

**जूम न्यूज • सरदारशहर**



कच्चा बस स्टैंड मामले से जुड़ी रिट याचिका में राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर की ओर से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार करते हुए उसे मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 15 सितंबर 2026 को न्यायमूर्ति मुन्नुरी लक्ष्मण एवं न्यायमूर्ति चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ के समक्ष हुई।

मामला डी.बी. सिविल रिट पिटीशन संख्या 19780/2026 से जुड़ा है। आवेदक ने स्वयं को लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर बताते हुए आशंका जताई कि वर्तमान रिट याचिका के चलते नगर परिषद की ओर से लाइसेंस होने के बावजूद उसे भी हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। उसने अपने हितों को ध्यान में रखते हुए रिट याचिका में पक्षकार बनाए जाने की मांग की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं जताई। खंडपीठ ने आवेदक की आशंका को वाजिब मानते हुए आवेदन स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को संशोधित कॉज टाइटल दाखिल करने के निर्देश दिए हैं और जवाब, यदि कोई हो, अगली तारीख तक दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर 2026 को होगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर भी न्यायिक कार्यवाही का हिस्सा बन गया है। हालांकि, 15 सितंबर के आदेश में न्यायालय ने वेंडर को हटाने या न हटाने के संबंध में कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है। आगामी सुनवाई में अब वेंडर का पक्ष भी न्यायालय के समक्ष रखा जा सकेगा।

## फेसबुक पर महिला से हुई थी दोस्ती, युवक के प्राइवेट वीडियो बनाकर 17.38 लाख ठगे

### बोली- पति ने वीडियो देख लिए, वो वायरल करेगा और पुलिस में केस करवाएगा

**जूम न्यूज • सीकर**

सीकर में युवक के प्राइवेट फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस में केस दर्ज करवाने की धमकी देकर ठगों ने 17.38 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित युवक ने शिकायत में बताया- फेसबुक के जरिए एक महिला से जान-पहचान हुई। महिला ने बातचीत करना शुरू कर दिया। महिला से वीडियो कॉल पर भी बातचीत होने लगी। इस दौरान महिला ने मेरे प्राइवेट फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। एक दिन महिला ने कहा- मेरे पति ने प्राइवेट फोटो और वीडियो देख लिए हैं। जिन्हें वायरल करेगा और पुलिस में मुकदमा करवाएगा। इसके बाद महिला ने अलग-अलग बैंक खातों में 17.38 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए लिए।

#### महिला के साइबर गिरोह से जुड़े होने का शक

पुलिस को शक है कि महिला किसी साइबर गिरोह से जुड़ी हुई है। इस तरह से लोगों को अपने जाल में फंसाकर फोटो और वीडियो रिकॉर्ड करती है। फोटो वायरल करने या मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर ठगी करती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### संविदा नौकरी के नाम पर 1.70 लाख रुपए ठगे

सीकर में संविदा नौकरी लगवाने के नाम पर 1.70 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक से अलग-अलग अकाउंट में रुपए ट्रांसफर करवाए गए। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उच्चैन नगरपालिका में दलीप सिंह अंबेश निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**उच्चैन (भरतपुर)।** उच्चैन नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित दलीप सिंह अंबेश निर्विरोध चुने गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए उनके अलावा किसी और ने आवेदन नहीं किया था, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। दलीप सिंह अंबेश पहले डीआईजी (DIG) के पद पर पुलिस सेवा में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। देश सेवा के बाद अब उन्होंने स्थानीय स्तर पर जनसेवा की कमान संभाली है। नगरपालिका चुनाव में दलीप सिंह अंबेश वार्ड संख्या 6 से पार्षद चुने गए थे। उन्हें जिले में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत से जीतने वाले पार्षदों में से एक बताया गया था।

## भरतपुर में भाजपा का मेयर बनना तय

### ▪ निर्दलीय विचित्रा सिंह ने नामांकन वापस लिया; मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी साथ रहे



**जूम न्यूज • भरतपुर**

भरतपुर नगर निगम में मेयर पद की निर्दलीय दावेदार विचित्रा सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब नगर निगम में बीजेपी का मेयर बनना तय है। खुद मंत्री जवाहर सिंह बेढम निर्दलीय प्रत्याशी विचित्रा सिंह का नामांकन वापस करवाने के लिए नगर निगम पहुंचे थे। विचित्रा सिंह के परिजन बीजेपी सरकार पर नामांकन वापस लेने के दबाव बनाने का आरोप लगा रहे थे।

नामांकन वापस लेने से पहले गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- विचित्रा सिंह के पति शिव सिंह भोंट भरतपुर में सभापति, मेयर रहे हैं। शिव सिंह भोंट ने भरतपुर के विकास के गति को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया। मेरे पुराने मित्र हैं इसलिए मेरा मन था आज मैं इनसे राजनैतिक चर्चा करूं।

#### बातचीत के बाद नामांकन वापस लेने का फैसला

हमें पहली बार मौका मिला है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भरतपुर के विकास में कई हजार करोड़ की सौगातें दी हैं। सही ठंग से भरतपुर का विकास हो। इसलिए शिव सिंह भोंट ने मेरे साथ चलकर कहा कि हम पर्चा वापस लेंगे। सभी एकजुट होकर बीजेपी में काम करेंगे। भरतपुर के विकास में भागीदारी निभाएंगे। एक दिन पहले शिव सिंह भोंट के होटल में BDA के अधिकारी सेट बैक चेक करने के लिए पहुंचे तो, शिव सिंह के परिजनों का आरोप था कि सरकार अधिकारियों के जरिए नामांकन वापस लेने का दबाव बना रही है। इस पर राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि यह सब मिथ्या बातें हैं।

शिव सिंह भोंट ने कहा- मुख्यमंत्री भरतपुर का विकास कर रहे हैं। उस विकास की गति को आगे बढ़ाते हुए मंत्री जवाहर सिंह के निर्देशन में हमने यह फैसला किया है कि हम अपना पर्चा वापस लें। सीएम को आभार दें कि जिस तरीके से वह भरतपुर का विकास कर रहे हैं वह उसी तरीके से भरतपुर का विकास करते रहें। इसके बाद मंत्री जवाहर सिंह बेढम शिव सिंह भोंट और उनकी पत्नी विचित्रा सिंह के साथ नगर निगम आवेदन वापस लेने के लिए पहुंचे। अब बीजेपी का मेयर बनना तय है। बीजेपी से वार्ड नंबर 61 की पार्षद अनुराधा सिंह ने मेयर पद का नामांकन भरा था।

**डोटासरा का आरोप- भाजपा सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के पर्व को कुचलकर सत्ता बनाना चाहती है**

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले- कांग्रेस पार्षदों को जबरन उठाया जा रहा, मर्डर या खून-खराबा होने पर सरकार और पुलिस की होगी जिम्मदारी

**सीकर**

सीकर में कांग्रेस-भाजपा को सभापति पद के लिए 21 तारीख को होने वाले मतदान से पहले क्रास वोटिंग का डर लग रहा है। ऐसे में दोनों ने अपनी बाड़ाबंदी टाइट कर ली है। इस बीच पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बड़ा बयान दिया है। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस और उनके समर्थित पार्षदों के पुलिस धमकाकर उठा रही है। बीजेपी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के पर्व को कुचलकर अपनी सत्ता बनाना चाहती है। डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में पुलिस के इस रवैये को लेकर मैंने डीजीपी को पहले भी कह दिया और अब मीडिया के माध्यम से कह रहा हूं कि अब आप इस तांडव नृत्य को रोक लीजिए वरना राजस्थान की जनता में आक्रोश फैल जाएगा। अगर कोई मर्डर हुआ या खून खराबा हुआ तो जिम्मेदार राजस्थान पुलिस और सरकार होगी। वहीं लक्ष्मणगढ़ के कांग्रेसी व निर्दलीय समर्थित पार्षदों की बाड़ाबंदी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे डांस करते और क्रिकेट खेलते नजर आ रहे है।



बीजेपी ने गुरुवार दोपहर बाद सभी जीते हुए पार्षदों को वापस बाड़ाबंदी में बुला लिया था। वहीं कांग्रेस के भी ज्यादातर पार्षद वर्तमान में बाड़ाबंदी में है। जल्द ही बाड़ाबंदी की जगह भी बदलने की चर्चा है। कांग्रेस पार्षदों के परिवारों को भी बाड़ाबंदी में बुला लिया गया है। सीकर में निकाय चुनाव के परिणाम में कांग्रेस पार्टी ने बहुमत से 5 सीट ज्यादा 38 हासिल की। वहीं भाजपा ने 22,4 निर्दलीय और 1 सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के द्वारा जीत हासिल की थी। पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भी कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती कि किसी भी हाल में उनकी पार्टी के पार्षदों का कोई जोड़-तोड़ हो। हालांकि एक दो-पार्षद अभी बाड़ाबंदी से बाहर भी है। जिन पर कांग्रेस पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि यह किसी दूसरे दल में नहीं जा सकते। दोनों ही पार्टियों के बाड़ाबंदी में बैठे पार्षदों के मोबाइल भी स्विच ऑफ करवाए गए हैं, जिससे कि कोई भी उनसे कांटेक्ट नहीं कर सके। सभी बाड़ाबंदी से 21 सितंबर को मतदान वाले दिन ही बाहर आएंगे।

**मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठे अधिकारी कलेक्टर और एसपी को धमका रहे:** डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठे अधिकारी कलेक्टर और एसपी को धमका रहे हैं। भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने मिलकर मुख्यमंत्री कार्यालय से हर निकाय के प्रभारी के नंबर कलेक्टर और एसपी को भेजे गए हैं। और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जैसे ही आपको यह कॉल करें तो आप पुलिस भेज देना। पुलिस को पार्टी के उन पदाधिकारी के नंबर दिए गए हैं। फतेहपुर में पुलिस कांग्रेस को यह बोल रही है कि बीजेपी के पार्षद को आप अपने बाड़े में कैसे रख सकते हो।

# एक हजार से अधिक व्यक्ति हुए साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

## 18 गांव-ढाणियों में पहुंची साइबर क्राइम जागरूकता यात्रा, साइबर ठगी की शिकायत के लिये याद रखें 1930





**जूम न्यूज़ • फलौदी**

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए दूसरा दशक से प्रशिक्षित लीडर किशोर-किशोरियों की टीम द्वारा 15 से 17 सितम्बर तक 3 दिवसीय जन जागरूकता अभियान यात्रा का आयोजन किया। बाप व फलोदी क्षेत्र के 18 गांवों व ढाणियों में पहुंची यात्रा ने 1000 से अधिक आम लोगों तथा स्कूली विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया।

परियोजना निदेशक मुरारी लाल थानवी ने बताया कि दूसरा दशक से जुड़े किशोर-किशोरियों के नेतृत्व विकास के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया गया। इन किशोर-किशोरियों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी को अन्य लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। किशोर-किशोरियों ने बहुत ही स्पष्टता के साथ लोगों को साइबर क्राइम से जुड़ी जानकारियां दी। सर्वप्रथम लीडर किशोर-किशोरियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एकां भाटियान व कानासर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताये। चारणाई के पठान ने कहा की दूसरा दशक समय की मांग के अनुसार अलग-अलग मुद्दों पर कार्य करता है। इसी क्रम में आज साइबर क्राइम को रोकने तथा बचाव के बारे में जानकारी दे रहे हैं। अखाधना से आई किशोरी पतासी ने अपने आस-पास घटित साइबर अपराध की घटनाओं के अनुभव साझा किये। घटोर के फिरोज मेहर ने लोगों से अपील की कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड व बैंक संबंधी जानकारी शेयर ना करें। जैमला के दिलीप ने कहा कि पहले चोर घर में आकर चोरी करता था, लेकिन वर्तमान समय में तकनीक की वजह से चोर दूर बैठे भी चोरी कर सकता है।

फलोदी की किशोरी चुका प्रजापत ने कहा की पुलिस थाने व बैंक की ओर से कभी कोई अनजान ऑडियो व वीडियो कॉल नहीं किया जाता है, यदि कोई इस तरह का कॉल आता है तो व्यक्तिगत व बैंक संबंधी जानकारी नहीं दें। मंजू कुमावत द्वारा नूरे की भुर्ज में समुदाय सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध हो जाए तो बिना घबराए 1930 पर कॉल कर सूचना दें। कीर्ति वैष्णव ने ऑनलाइन खरीददारी के दौरान होने वाली ठगी से बचाव, जैमला की सुआ ने राजकॉप सिटीजन एप्प की जानकारी दी। इस दौरान सहभागी सुमन, खुशी, जसराज, अशोक, मोनिका ने सक्रिय भागीदारी निभाई। राजकीय विद्यालय एकां भाटियान की प्रधानाचार्य शीना विश्नोई ने दूसरा दशक से प्रशिक्षित युवाओं द्वारा आत्मविश्वाश के साथ अपनी बात रखने के तरीके की सराहना की। कानासर स्कूल के व्याख्याता ओमप्रकाश गोदारा ने कहा कि दूसरा दशक लीडर किशोर-किशोरियों के माध्यम से बेहद उपयोगी विषय की जानकारी दे रहे हैं। स्कूली विद्यार्थियों लक्षिता, जगमाल व भानाराम आदि ने भी साइबर अपराध की घटनाओं के अनुभव शेयर किये। तीन दिवसीय यात्रा में टीम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों, स्टेट ओपन स्कूल, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा पंचायतीराज व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। दूसरा दशक के कार्यकर्ता बीरबलराम, ममता लोहार, न्याज मोहम्मद, शोभा चौधरी, खुशबू चौधरी, बालाराम तथा आशा वर्कर संतोष व खेतु देवी का सहयोग रहा।

**ब्रीफ न्यूज**

### महर्षि दधीचि जयंती पर देहदानियों के परिजनों का होगा सम्मान


**जूम न्यूज़ • बीकानेर**

महर्षि दधीचि जयंती के अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में 19 सितंबर को देहदानियों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा। एनाटॉमी विभाग एवं अखिल भारतीय दाधीच फाउंडेशन, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले समारोह में शिवमठ शिवबाड़ी के महंत स्वामी विमर्शानंद गिरी महाराज प्रमुख अतिथि होंगे। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार और पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में देहदानियों के परिजनों को सम्मानित कर उनके निःस्वार्थ योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। साथ ही महर्षि दधीचि के त्याग, तपस्या, परोपकार और मानव कल्याण के आदर्शों को स्मरण किया जाएगा। एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश मणि एवं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार दाधीच ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष की जा रही श्रृंखला के तहत आयोजित किया जा रहा है।

### प्रो. चारण को ABV-IIITM ग्वालियर के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार

**जूम न्यूज़ • बीकानेर**

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू) के पूर्व कुलगुरु एवं एसपीए भोपाल के चेयरपर्सन प्रो. (सेनि.) एच.डी. चारण को राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू ने अटल बिहारी वाजपेयी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एबीवी-आईआईआईटीएम), ग्वालियर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। प्रो. चारण संस्थान की नीतिगत दिशा, विकास योजनाओं, शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़े मामलों में मार्गदर्शन देंगे। प्रो. चारण वर्तमान में एआईसीटीई की मानवीय मूल्यों की राष्ट्रीय समिति के चेयरपर्सन भी हैं। उन्हें तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा और अकादमिक प्रशासन का लंबा अनुभव है।

### यू-डाइस प्रोग्रेशन कार्य 20 सितंबर तक पूरा करना अनिवार्य

**जूम न्यूज़ • बीकानेर**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों को यू-डाइस पोर्टल पर विद्यार्थियों के प्रोग्रेशन का कार्य 20 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक अशोक कुमार मीणा ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को सूचित करते हुए जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित सभी विद्यालयों में कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करवाया जाए। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशों का हवाला देते हुए पत्र में कहा गया है कि निर्धारित समय में प्रोग्रेशन कार्य पूरा नहीं करने वाले विद्यालयों की स्थिति यू-डाइस+ पोर्टल पर बंद कर दी जाएगी। इसके बाद संबंधित विद्यालय पोर्टल पर आगामी कोई कार्य नहीं कर सकेंगे। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इसके कारण विद्यालय या विद्यार्थियों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी होने पर संस्था प्रधान/संस्था की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### रेलवे: मुंबई-भिवानी स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ा

**जूम न्यूज़ • बीकानेर**

त्योहारी सीजन में बढ़ने वाले यात्री भार को देखते हुए रेलवे ने मुंबई सेंट्रल एवं बांद्रा टर्मिनस से भिवानी के बीच संचालित दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई है। गाड़ी संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-भिवानी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल के मुंबई से 9 अक्टूबर से 27 नवंबर और भिवानी से 10 अक्टूबर से 28 नवंबर तक 15-15 फेरे होंगे। वहीं गाड़ी संख्या 09005/09006 बांद्रा टर्मिनस-भिवानी साप्ताहिक स्पेशल के बांद्रा से 14 अक्टूबर से 25 नवंबर तथा भिवानी से 15 अक्टूबर से 26 नवंबर तक 7-7 फेरे निर्धारित किए गए हैं। दोनों ट्रेनों में कुल 22 डिब्बे होंगे। इनमें 3 थर्ड एसी, 15 स्लीपर, 2 साधारण श्रेणी और 2 गार्ड डिब्बे शामिल हैं। कुछ पुराने निर्धारित फेरे वडोदरा-अहमदाबाद-पालनपुर परिवर्तित मार्ग से संचालित होंगे। इससे मुंबई, गुजरात और राजस्थान के यात्रियों को त्योहारी सीजन में अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी।


# गिड़ा क्षेत्र का दौरा, विभिन्न राजकीय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

## तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत समिति, जलदाय, विद्युत एवं शिक्षा विभाग के कार्यालयों की व्यवस्थाएं देखीं

**जूम न्यूज़ • बालोतरा**

बालोतरा के बालोतरा जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने शुक्रवार को गिड़ा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विभागीय कार्यालयों एवं संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत समिति, जल विभाग, विद्युत विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने तहसील कार्यालय गिड़ा का निरीक्षण करते हुए कार्यालयीन व्यवस्थाओं, विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए कार्यालय में आने वाले लोगों को आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं



की जानकारी ली। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पंचायत समिति कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाने की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे तथा विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आवश्यक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण तथा फील्ड स्तर पर नियमित निगरानी रखने पर जोर दिया। शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एडीएम ने विद्यालयों में शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी स्थिति का जायजा लेते रहें। इस दौरान तहसीलदार गिड़ा रमेश कुमार चौधरी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 18.34 लाख की स्टाइपेंड पर छात्रा को आयकर से राहत - आईटीएटी दिल्ली

**जूम न्यूज़ • नई दिल्ली**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल की पढ़ाई कर रही एक छात्रा को मिली 18.34 लाख रुपये की स्टाइपेंड पर आयकर विभाग ने टैक्स देयता तय की थी। छात्रा ने विभाग की कार्रवाई के खिलाफ अपील की और मामला आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी), दिल्ली पहुंचा। सुनवाई के बाद न्यायाधिकरण ने छात्रा के पक्ष में फैसला दिया। मामले में छात्रा की ओर से जयपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिरुद्ध भारद्वाज ने आईटीएटी के समक्ष पक्ष रखा था। आयकर विभाग का कहना था कि प्राप्त स्टाइपेंड कर योग्य आय में शामिल की जानी चाहिए। वहीं छात्रा की ओर से इसे शिक्षा के दौरान प्राप्त स्टाइपेंड बताते हुए कर से छूट का दावा किया गया।




मामले की सुनवाई आईटीएटी दिल्ली के न्यायिक सदस्य सतबीर सिंह गोदारा ने की। न्यायाधिकरण ने 30 जुलाई 2026 को फैसला सुनाते हुए छात्रा को राहत दी। फैसले के बाद 18.34 लाख रुपये की उक्त स्टाइपेंड पर छात्रा को आयकर नहीं देना होगा। सीए अनिरुद्ध भारद्वाज ने जूम न्यूज़ से बातचीत में बताया कि किसी छात्र को मिलने वाली राशि केवल आय पर टी डी एस काटने के नाम से टैक्स योग्य नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि किसी भुगतान पर टैक्स लगेगा या नहीं, यह उसके नाम से ज्यादा उसकी वास्तविक प्रकृति और उद्देश्य पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में यह देखना जरूरी होता है कि राशि शिक्षा और अध्ययन के उद्देश्य से दी गई है या किसी सेवा अथवा काम के बदले भुगतान के रूप में प्राप्त हुई है। इसी आधार पर उसका कर निर्धारण किया जाता है। यह मामला उच्च शिक्षा और मेडिकल प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड या फेलोशिप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### ब्यावर में 20 से 22 सितम्बर तक आयोजित होगा श्री वीर तेजा मेला

**जूम न्यूज़ • ब्यावर**

ब्यावर के ऐतिहासिक श्री वीर तेजा मेले का आयोजन 20 से 22 सितम्बर 2026 तक किया जाएगा। तीन दिवसीय मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित होंगी। मेले का शुभारंभ 20 सितम्बर को प्रातः 9:30 बजे सुभाष उद्यान के मुख्य द्वार-1 पर होगा। इसके पश्चात प्रातः 10:30 बजे सुभाष उद्यान एवं पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में गणेश पूजा एवं स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे ग्राम-सेदरिया में झण्डे वालों की नारियल रस्म, शाम 5 बजे सुभाष उद्यान में कुश्ती प्रतियोगिता तथा शाम 7:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 21 सितम्बर को दोपहर 12:30 बजे तेजा चौक पर झण्डे व नारियल की रस्म आयोजित होगी। दोपहर 3 बजे सुभाष उद्यान स्थित रात्रि पवेलियन में लोकनृत्य, शाम 5 बजे महिला रस्सा-कशी प्रतियोगिता होगी।

### बीकानेर: 4 निर्दलीय साथ आए तो भाजपा का आंकड़ा 29 पर




**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**

नगर परिषद सभापति चुनाव में नाम वापसी के बाद सियासी तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा के साथ चार निर्दलीय पार्षदों के आने से उसके समर्थन में 29 पार्षदों का आंकड़ा होने का दावा है, लेकिन भाजपा से जुड़े सरला सिद्ध और डिंपल राजपूत ने अपने निर्दलीय नामांकन वापस नहीं लिए। नाम वापसी के अंतिम दिन दोनों प्रत्याशियों का दोपहर 3 बजे तक इंतजार किया गया, लेकिन उनके नहीं पहुंचने पर प्रक्रिया समाप्त कर दी गई और हाल का दरवाजा बंद कर दिया गया। अब दोनों चुनाव मैदान में बने रहेंगे।

55 वार्डों के परिणाम में भाजपा के 25, कांग्रेस के 22 और निर्दलीयों के 8 पार्षद हैं। बहुमत के लिए 28 पार्षदों की जरूरत है। भाजपा के साथ आने वाले निर्दलीयों में कविता स्वामी, कविता कंवर, शिवभगवान बागड़ी और सुशीला विकास राकसीया शामिल हैं। सभापति पद के लिए भाजपा की अनिता वर्मा, कांग्रेस की मोनिका सैनी तथा निर्दलीय सरला सिद्ध, डिंपल राजपूत और आईना खान चायल मैदान में हैं। भाजपा के समर्थन का 29 का आंकड़ा मतदान तक कायम रहता है या नहीं, यह 21 सितंबर को पार्षदों के वास्तविक मतदान से स्पष्ट होगा। चुनाव को देखते हुए नगर परिषद परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस बल की तैनाती और आने-जाने वाले मार्गों पर निगरानी रहेगी।

**अभिलेखों का व्यवस्थित एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने पर दिया जोर**

# जोधपुर कलक्टर आलोक रंजन ने पंचायत समिति मंडोर और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

### ▪ सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शुक्रवार को पंचायत समिति मण्डोर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न प्रशासनिक कार्यों, सरकारी योजनाओं की प्रगति तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता लाने तथा लंबित कार्यों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

### अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करें

जिला कलक्टर ने कार्यालयों में संधारित किए जा रहे विभिन्न रिकॉर्ड एवं अभिलेखों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक रिकॉर्ड व्यवस्थित, अद्यतन एवं सुचारू रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन रिकॉर्ड इस प्रकार व्यवस्थित रखे जाएं कि आवश्यकता के समय संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।उन्होंने अभिलेखों के नियमित अद्यतन एवं कार्यों की समुचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित



करने पर भी जोर दिया। श्री रंजन ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और उनकी वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना-वार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में और सुधार लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए जहां आवश्यक हो, वहां कार्य में तेजी लाई जाए।

### प्रगति में सुधार एवं मॉनिटरिंग के निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य निष्पादन में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाए।

उन्होंने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने तथा विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा प्रत्येक प्रकरण पर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की मांगों को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ने उठाई आवाज



**जूम न्यूज • फलौदी**

राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) जिला शाखा फलोदी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष डॉ. मुरलीधर कटारिया के नेतृत्व में शुक्रवार को राजकीय अम्बेडकर समाज कल्याण छात्रावास लोहावट में संगठन के दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में शिक्षक, विद्यार्थी एवं विद्यालय हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर संगठन की 17 सूत्री लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई।

संगठन द्वारा मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम प्रस्तुत मांग पत्र में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के शीघ्र स्थानांतरण, सात वर्षों से लंबित डीपीसी करवाने, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित वंचित वर्गों की छात्रवृत्ति में महंगाई के अनुरूप वृद्धि, आरक्षण व्यवस्था की प्रभावी पालना तथा लंबित वेतन संबंधी प्रकरणों का निस्तारण एवं वेतन संरक्षण की मांग प्रमुखता से रखी गई। ज्ञापन में रोस्टर की पूर्ण पालना एवं बैकलॉग पदों को भरने, कार्यरत शिक्षकों को टीटीई की अनिवार्यता से मुक्त करने, पीडी हेड के शिक्षकों के वेतन-भत्तों के भुगतान हेतु पर्याप्त बजट जारी करने तथा यथावत पदस्थापन व्यवस्था बंद कर डीपीसी के उपरांत आरक्षित वर्ग को काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापन देने की मांग की गई है। इसके साथ ही प्राचार्य एवं उप प्राचार्य पदों पर पदस्थापन, प्राचार्य डीपीसी की चयन तिथि निर्धारित करने एवं लंबित सूची जारी करने, सीएसआर/सीएसजी अनुदान शीघ्र जारी करने, विद्यालयों में रिक्त पदों को नई भर्ती से भरने एवं शिक्षकों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

संगठन ने उपार्जित अवकाश का नकद भुगतान शीघ्र करने, शिक्षक दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ देने, विद्या संबल योजना में संविधान सम्मत आरक्षण प्रावधान लागू करने, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न के तहत नवीन पदों का सृजन करने तथा शिक्षा के निजीकरण एवं संविदा भर्ती पर रोक लगाने की मांग भी रखी। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए एसडीएम लोहावट निधि उड़सरिया ने बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों को जीवन में प्रेरणा के रूप में अपनाने एवं शिक्षकों के लिए बाबा साहेब के मार्गदर्शक की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर लोहावट सीबीईओ महेश कुमार मेघवाल, मगराज कटारिया समाज कल्याण अधिकारी, नेमाराम मेघवाल प्रदेश महामंत्री सचिवालय, परमाराम जयपाल प्रदेश उपाध्यक्ष, बालाराम चौहान, मांगीलाल, जिला महामंत्री निम्बूराम जयपाल, डॉ. सोहनलाल, अर्जुन यादव, गौतमचंद पंवार, प्रधानाचार्य शिवलाल पंवार, नेताराम चौहान, देवीलाल लीलड़, भामाशाह नरसिंगाराम जयपाल, मोहनराम परिहार, छोटमल बाला, नरपतराम, चौखराज, शंकरराम मेघवाल, जिला प्रवक्ता चंद्रपाल शाहपिनी, आसुराम परिहार, हीराराम, दुर्गाराम एवं मूलाराम सहित ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षाविद शामिल हुए। सम्मेलन का संचालन निम्बूराम मेघवाल एवं चंपालाल व्याख्याता ने किया।

# पोक्सो एक्ट व रेप में वांछित 5 हजार का इनामी मुल्जिम गिरफ्तार

## जोधपुर ग्रामीण पुलिस की त्वरित कार्यवाही: ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर पीड़िता को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप

**जूम न्यूज • जोधपुर**

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण श्री पंकज यादव के निर्देशन में महिला एवं बाल अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा प्रकरणों में वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल जोधपुर ग्रामीण को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जोधपुर ग्रामीण में दर्ज प्रकरण में वांछित मुल्जिम फैजान अहमद पुत्र अजिमुल्ला अहमद निवासी शिवाजी नगर, कुर्ला, मुम्बई, महाराष्ट्र को साइबर तकनीकी अनुसंधान एवं लगातार निगरानी के आधार पर मुम्बई महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।



दिनांक 31.08.2026 को पीड़िता द्वारा जिला जोधपुर ग्रामीण में उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसने स्नैपचैट पर ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे संपर्क किया गया तथा ऑनलाइन कार्य उपलब्ध करवाने के नाम पर उससे आईडी प्रूफ एवं हस्ताक्षर प्राप्त किए गए। इसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा पीड़िता को सोशल मीडिया पर रील्स भेजकर उन्हें लाइक एवं शेयर करने का कार्य दिया गया। इसी दौरान आरोपी द्वारा पीड़िता से उसकी निजी तस्वीरें प्राप्त कर ली गईं। बाद में आरोपी द्वारा निजी तस्वीरों का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता को ब्लैकमेल किया जाने लगा। रिपोर्ट के अनुसार, 11.12.2025 को उक्त व्यक्ति जोधपुर आया तथा पीड़िता को होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल कर रूपये प्राप्त किये। पीड़िता की रिपोर्ट पर जिला जोधपुर ग्रामीण में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान रमेष सर्वटा निपु. द्वारा प्रारम्भ किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव के निर्देशन में रमेश कुमार सर्वटा, निपु., साइबर सेल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम मोहनराम हैडकानि. व सुरेष डुडी कानि द्वारा प्रकरण में प्राप्त साइबर एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। लगातार तकनीकी अनुसंधान एवं संदिग्ध की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए अज्ञात आरोपी की पहचान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी की उपस्थिति मुम्बई, महाराष्ट्र में पाए जाने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को मुम्बई महाराष्ट्र रवाना किया गया। मुम्बई पहुंचने के बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। टीम ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाते हुए करीब दो दिन तक लगातार गैस मैकेनिक के भेष में किषनाराम कानि. व रामनरेष कानि. द्वारा रैकी एवं निगरानी की। आरोपी की पहचान एवं उसके आवागमन की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुए 5 हजार का इनामी वांछित मुल्जिम फैजान अहमद पुत्र अजिमुल्ला अहमद निवासी शिवाजी नगर, कुर्ला, मुम्बई, महाराष्ट्र को दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से प्रकरण के संबंध में अग्रिम अनुसंधान एवं पूछताछ जारी है। पुर्व में मुल्जिम के खिलाफ बिहार में ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम से फ्रॉड की साइबर षिकायत भी दर्ज है।

**गिरफ्तार मुल्जिमः-** फैजान अहमद पुत्र अजिमुल्ला अहमद निवासी षिवाजी नगर कुर्ला मुम्बई महाराष्ट्र

**टीम विवरण-** उक्त कार्यवाही मे भूमिका निभाने वाले रमेष कुमार सर्वटा निपु., जेठुदान उनि. साइबर सेल, हैडकानि. मोहनराम कानि. सुरेष कुमार डुडी, किषन पुनिया, कुम्भाराम, रामनरेष कमाण्डो देवीलाल की विषेष भुमिका रही।

**जिला पुलिस अधीक्षक की अपीलः-** जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण श्री पंकज यादव ने आमजन से अपील की है कि ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम एवं जॉब के नाम पर आने वाले संदिग्ध विज्ञापनों से सावधान रहें। अनजान व्यक्तियों के साथ अपनी आईडी प्रूफ, निजी फोटो/वीडियो, व्व्च् अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल या धमकी मिलने पर घबराएं नहीं और न ही उनकी मांग पूरी करें। तुरंत पुलिस को सूचना दें तथा डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखें। साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज करें।

# बिलाड़ा: कांग्रेस ने निर्दलीय के पक्ष में वापस लिया पर्चा, अब भाजपा-निर्दलीय आमने-सामने

**जूम न्यूज • बिलाड़ा**

जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका बिलाड़ा में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के चुनाव का सियासी समीकरण अचानक बदल गया। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले नरेंद्रसिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके साथ ही अब अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के महेंद्रसिंह पालावत और निर्दलीय तुलछाराम काग मैदान में रह गए हैं।

नामांकन वापसी के बाद अध्यक्ष पद का मुकाबला सीधे भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच हो गया है। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे और तीनों एक ही सीरवी समाज से आते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा वापस लेने के बाद अब दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।



नगरपालिका के 40 पार्षदों के बीच अध्यक्ष पद के लिए होने वाले मतदान में भाजपा के पास 24 पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के 12 और निर्दलीय 4 पार्षद हैं। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी तुलछाराम के सामने भाजपा के संख्याबल की चुनौती रहेगी। हालांकि चुनावी गणित में क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा खेमे के कुछ पार्षदों के संभावित क्रॉस वोटिंग की चर्चाओं के बीच मुकाबला रोचक हो गया है। यदि निर्दलीय प्रत्याशी को भाजपा के कुछ पार्षदों का समर्थन मिलता है तो अध्यक्ष पद के चुनाव का गणित बदल सकता है। ऐसे में शुक्रवार को नामांकन वापसी के बाद अब सभी की नजरें पार्षदों के मतदान पर टिक गई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इसे कांग्रेस की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है, हालांकि नामांकन वापसी के पीछे प्रत्याशी या पार्टी की ओर से स्पष्ट आधिकारिक कारण सामने आना बाकी है।

### उपाध्यक्ष पद की भी बदलेगी गणित

नगर पालिका में सीरवी समाज एवं पटेल समाज की बहुलता होने के कारण अब तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद इन दोनों जातियों में ही बंटता आया है। इस बार के चुनाव परिणाम में भाजपा के खेमे में जहां 16 सीरवी, 1 पटेल,1 राजपुरोहित,1 शर्मा,1 सेन,1 सरगरा,1 प्रजापत,1 दमामी, ओर 1 जीनगर समाज से पार्षद विजय हुए है। ऐसे में जनरल सीट से उपाध्यक्ष बनना तय होता है तो पटेल के अलावा तीसरी जाति का उपाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा वर्षो की परिपाटी बदलती नजर आ रही है।

# विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन



### नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता का किया स्वागत

**जूम न्यूज • पीपाड़ सिटी**

जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रबंध निदेशक के नाम का ज्ञापन सहायक अभियंता रामसुख डूडी को सौंपा गया। इस दौरान जोधपुर डिस्कॉम जिला वृत्त के नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता अजय माथुर का भारतीय मजदूर संघ पीपाड़ शहर की ओर से स्वागत किया गया।

शाखा महामंत्री जितेंद्र जाखड़ ने बताया कि पाली में आयोजित प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य रामकरण रियाड़ ने बताया कि ज्ञापन में वर्ष 1996 से 2019 तक के शेष पात्र अनुकम्पा नियुक्त कर्मचारियों को एलडीसी पद पर समायोजित करने, तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा अंतर-डिस्कॉम मानवीय स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की गई। साथ ही विधवा, आश्रित एवं दुर्घटना में दिव्यांग हुए कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग रखी गई।इसके अलावा ओवरटाइम एवं अन्य लंबित भत्तों का भुगतान करने, वर्ष 2004 बैच के कर्मचारियों को आरजीएचएस कैशलेस सुविधा उपलब्ध करवाने तथा ओपीएस संबंधी स्पष्ट आदेश जारी करने की मांग की गई।

पीपाड़ सब-डिवीजन कार्यालय पर पहली बार पहुंचे जोधपुर डिस्कॉम जिला वृत्त के नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता अजय माथुर का भारतीय मजदूर संघ पीपाड़ शहर की ओर से माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय टाक ने सब-डिवीजन स्तर की विभिन्न समस्याओं से अधीक्षण अभियंता को अवगत करवाया तथा उनके समाधान की मांग रखी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अजय माथुर, अधिशाषी अभियंता भगाराम पाड़िवाल, पीपाड़ सहायक अभियंता रामसुख डूडी, भोपालगढ़ सहायक अभियंता सुरेंद्र सेंवर, बिलाड़ा सहायक अभियंता अटल बिहारी मीणा, बोरूंदा सहायक अभियंता सुनील विश्नोई, सहायक राजस्व अधिकारी नारायणराम बर्फा, कनिष्ठ अभियंता ललित कुमार, जमालुद्दीन खोखर, शिवानी निहालिया, अमराराम गुर्जर सहित पीपाड़ सब-डिवीजन के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि भूमि पर संचालित 4 अवैध टेक्सटाइल इकाइयां ध्वस्त

### RSPCB एवं प्रशासन शेरगढ़ ने की कार्रवाई

**जूम न्यूज • जोधपुर**

**जोधपुर**। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित टेक्सटाइल इकाइयों के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर ग्रामीण एवं उपखंड प्रशासन शेरगढ़ की संयुक्त टीम ने पुलिस दस्ते के साथ ग्राम सोइन्तरा, जयसिंहपुरा एवं करणीसर में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। क्षेत्रीय अधिकारी जोधपुर ग्रामीण जगदीश चौधरी ने बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित हाई पावर्ड कमेटी से प्राप्त शिकायत/सूचना के आधार पर उपखंड अधिकारी शेरगढ़ के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम में मण्डल के कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आशीष गुर्जर, तहसीलदार लालाराम मीणा, स्थानीय पटवारी एवं पुलिस दल शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान कृषि भूमि पर चार अवैध टेक्सटाइल इकाइयां संचालित पाई गईं। इन इकाइयों में कपड़ा धुलाई के लिए बनाए गए हौदों आदि के माध्यम से रासायनिक अपशिष्ट जल खुले में भूमि पर प्रवाहित किया जा रहा था। मौके पर पाई गई इकाइयों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त करवाया गया तथा विद्युत संबंध भी विच्छेदित करवाए गए।

कार्रवाई के दौरान खुले में प्रवाहित एवं जमा रासायनिक पानी के नमूने भी संकलित किए गए, जिन्हें विश्लेषण के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला, जोधपुर में जमा करवाया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि कृषि एवं रहवासी भूमि पर अवैध टेक्सटाइल इकाइयों के संचालन के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर उपखंड स्तरीय सतर्कता टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। संबंधित खातेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने तथा खातेदारी निरस्त करने की प्रक्रिया उपखंड प्रशासन द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

## राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

# शिक्षक हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मुद्दों पर मंथन

**जूम न्यूज • पाली**

राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल पाली में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान शैक्षिक नवाचारों, छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित करने, अनुशासन, प्रार्थना सभा के माध्यम से नेतृत्वकर्ता की भावना जाग्रत करना,शिक्षक हितों, सेवा संबंधी समस्याओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। शिक्षाविद देवराज शर्मा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय नारायण कडेचा जिला अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद लखेरा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसके पश्चात अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षकों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सम्मेलन में रखा।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय नारायण कडेचा ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।प्रधानाचार्य गंगाधर पाठक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों में उपलब्ध आईसीटी लैब एवं शिक्षण सहायक सामग्री का अधिकतम उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद लखेरा ने शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के हित में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र विद्यार्थियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए शिक्षकों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




### मिशन मानस' कार्यक्रम मे हरसंभव सहयोग

शिक्षक संघ ने जिला कलेक्टर की पहल पर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए संचालित 'मिशन मानस' कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इसके क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हुई है तथा सरकारी विद्यालयों के छोटे बच्चे भी अंग्रेजी में संवाद करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रवीण जांगिड़ ने विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। सहायक निदेशक ललित देव शर्मा ने शिक्षकों से विद्यार्थियों में पुस्तकालय की पुस्तकों के अधिकतम उपयोग की आदत विकसित करने तथा सुंदर लेखन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

### विद्यालयों में अनुशासन की भावना हो विकसित

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रेश पाल सिंह ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने तथा विद्यालयों में अनुशासन की भावना विकसित करने पर बल दिया।साहित्यकार शिक्षाविद्ध देवराज शर्मा ने छात्रों के विकास के लिए शैक्षिक, सहशैक्षणिक एवं नवाचार युक्त पाठ्येतर गतिविधियों के संचालन से उनमें नव उर्जा का संचरण होता है।बाल साहित्य छात्रों में आत्मविश्वास, आत्मविकास का संचार करता है। सम्मेलन में देवेंद्र मेवाड़ा, ओमप्रकाश पांडे, गजेंद्र पुरोहित, रमेश गोयल ,राजेश व्यास ,विक्रम सिंह पंवार ,जगदीश दिवाकर, दाऊ सिंह चौहान एवं नंदकिशोर शर्मा ने भी विचार रखे।

## बीफ न्यूज

### वाल्मीकि शिक्षा वेलफेयर सोसाइटी की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 20 सितंबर को जोधपुर में



**जूम न्यूज • जोधपुर**

वाल्मीकि शिक्षा वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 20 सितंबर, रविवार को प्रातः 10 बजे किसान भवन, पावटा बस स्टैंड, जोधपुर में आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। बैठक में सोसाइटी की आगामी वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के साथ प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर पर संगठन के विस्तार तथा पदाधिकारियों के दायित्व निर्धारण पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा वाल्मीकि समाज के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने, शिक्षा, रोजगार, करियर मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सोसाइटी की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए स्वैच्छिक फंड संग्रह एवं पारदर्शी सहायता व्यवस्था विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत एवं प्रभावी बनाने के साथ शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में समाज के विद्यार्थियों के लिए ठोस योजनाएं तैयार करना है। प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम खींची ने प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव देने तथा सोसाइटी की आगामी कार्ययोजना को प्रभावी बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

### खारिया मीठापुर में चोरों का आतंक, एक रात में 3-4 घरों में सेंध





**जूम न्यूज • बिलाड़ा**

कस्बे के निकटवर्ती खारिया मीठापुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने आतंक मचा दिया। चोरों ने एक ही रात में सहित करीब 3-4 घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। राजूराम वाल्मीकि ने बिलाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि गुरुवार रात चोरों ने उनके घर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 30 हजार रुपए नकद, 5 तोला सोना तथा 1 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। रिपोर्ट के अनुसार राजूराम वाल्मीकि और उनका परिवार पिछले करीब 10 दिनों से जोधपुर स्थित अपने निवास पर था। घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर परिवार गांव पहुंचा और घर की स्थिति देखने के बाद बिलाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटाने के साथ ही चोरी की वारदातों को लेकर जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने रात के समय गश्त बढ़ाने तथा चोरों का जल्द पता लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

**नकदी, सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हुए चोर, पुलिस ने शुरू की जांच**

### फलौदी: नाम वापसी के बाद तस्वीर स्पष्ट, सभापति पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला

**जूम न्यूज • फलौदी**

नगर परिषद चुनाव के बाद अब सभापति पद को लेकर चल रही राजनीतिक हलचल अपने अगले चरण में पहुंच गई है। शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही सभापति पद के चुनाव में अब तीन प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। सभापति पद के लिए भाजपा की ओर से मेघराज कल्ला, कांग्रेस की ओर से श्रीमती कान्ता व्यास तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व सभापति पन्नालाल व्यास चुनाव मैदान में हैं। नामांकन प्रक्रिया में कुल पांच प्रत्याशियों ने सात नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जांच के दौरान सभी नामांकन वैध पाए गए थे। शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन वार्ड 5 के भाजपा पार्षद जेपी जोशी और वार्ड 7 के कांग्रेस पार्षद अशोक व्यास ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इस तरह इन दोनों के मैदान से हटने के बाद अब सभापति पद के लिए मुकाबला तीन प्रत्याशियों के बीच होने जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में भाजपा 20, कांग्रेस 13 और निर्दलीय 7 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। नगर परिषद के 40 वार्डों के परिणाम की बात की जाय तो भाजपा को 20, कांग्रेस को 13 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों को 7 वार्डों में जीत मिली है,ऐसे में सभापति चुनकर शहर की सरकार बनाने के लिए 21 पार्षदों का समर्थन आवश्यक है। जबकि भाजपा अपने सभापति पद की दावेदारी से महज एक कदम दूर देखी जा रही है। नाम वापसी के बाद अब दोनों राजनीतिक पार्टियों केके 7 निर्दलीय पार्षदों की भूमिका पर भी नजर बनी हुई है। वहीं, दोनों प्रमुख दलों के स्तर पर पार्षदों से संपर्क और समर्थन जुटाने की कवायद भी तेज होने की संभावनाएं जताई जा रही है।

# SMS: गठिया मरीजों की भीड़: रोज 150 से ज्यादा मरीज, 50 को भी नहीं मिल रहा इलाज



## ▪ सुबह 5 बजे से लगती है मरीजों की लंबी कतार

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर के SMS हॉस्पिटल में रूमेटोलॉजी ओपीडी में बड़ा मिस-मैनेजमेंट है। यहां गठिया रोग के मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां रोजाना 150 से ज्यादा मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन इलाज 50 मरीजों को भी नहीं मिल पा रहा है।

सप्ताह में तीन दिन ओपीडी चलने के कारण मरीज को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में मरीजों की संख्या और उपलब्ध इलाज की व्यवस्था के बीच बड़ा अंतर होने से अस्पताल में मिस-मैनेजमेंट की स्थिति सामने आ रही है। ऐसा नहीं है कि मरीजों की भीड़ केवल रूमेटोलॉजी डिपार्टमेंट में ही आती है। न्यूरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी में भी हर रोज 300 से 400 मरीज आते है, लेकिन वहां न केवल मैनेजमेंट रहता है, बल्कि ओपीडी खत्म होने तक हर मरीज को ट्रीटमेंट भी मिलता है। जनरल मेडिसिन में भी हर रोज औसतन 700 से 800 मरीजों की पर्चियां बन रही है। ऑप्थल्मोलॉजी (नेत्र रोग), स्कीन में हर रोज करीब 300 से 500 मरीज आते है। लेकिन यहां भी डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहते है और आखिरी समय तक मरीज को देखते हैं। लेकिन रूमेटोलॉजी के डॉक्टर सुबह केवल 12 बजे तक 35 से 40 मरीजों को देखने के बाद सीट छोड़कर चले जाते है।

रूमेटोलॉजी में दिखाने के लिए मरीजों की जद्दोजहद सुबह 5 बजे ओपीडी रजिस्ट्रेशन के बाहर लाइन में लगने के साथ शुरू हो जाती है। सुबह 6 बजे तक तो यहां 200 मरीजों की लाइन लग जाती है और धक्का-मुक्की और मारपीट की नौबत आ जाती है। जबकि ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर सुबह 7.30 बजे पर्चियां बनाने के लिए खुलता है।

### तीन दिन ओपीडी का संचालन

SMS हॉस्पिटल में वर्तमान में रूमेटोलॉजी में तीन डॉक्टर है। ओपीडी भी सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार तीन दिन ही संचालित होती है। मरीजों की भीड़ और परेशानी को देखते हुए क्या हॉस्पिटल प्रशासन अगर यहां सप्ताह में सातों दिन ओपीडी का संचालन करें तो यहां मरीजों को राहत मिलेगी। SMS हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक और मीडिया स्पॉकपर्सन डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि रूमेटोलॉजी ओपीडी में जगह कम होने और भीड़ ज्यादा रहने से मरीजों को परेशानी होती है। यहां मरीजों को देखने में ज्यादा समय लगता है। इसे देखते हुए प्रशासन अब इस डिपार्टमेंट की ओपीडी को सप्ताह में 7 दिन करने की तैयारी कर रहा है, ताकि मरीजों की परेशान न होना पड़े।

## ब्रीफ न्यूज

### ड्राइवर को बोले- गाड़ी के पीछे कुछ लगा है; नीचे उतरते ही कार लेकर हुए फरार

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर में बदमाशों के इनोवा टैक्सी कार लूटने का मामला सामने आया है। बाइक पर आए तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। टैक्सी ड्राइवर को धोखे से नीचे उतारकर कार ले भागे। मामले में गुरुवार रात खोह नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ लुटेरों की तलाश में जुटी है। एसआई रामफूल ने बताया- लूट की वारदात टोंक के निवाई निवासी विकास चौधरी के साथ हुई। रात करीब 8:15 बजे वह अपनी इनोवा टैक्सी लेकर जा रहा था। खातीपुरा रेलवे स्टेशन के पास पीछे से बाइक पर तीन लड़के आए। गाड़ी के पास से निकलते समय बाइक पर पीछे बैठे लड़के ने हाथ का इशारा किया। इशारा कर बताया कि गाड़ी के पीछे कुछ लगा हुआ है। गाड़ी को रोककर पीछे देखने गया। इस दौरान बाइक पर सवार एक लड़का गाड़ी के अंदर बैठ गया। बाइक सवार साथियों के साथ कार को लेकर फरार हो गया। लूट की सूचना पर खोह नागोरियन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि धोखा देकर बदमाशों मुझे नीचे उतारा। फिर कार लूट कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे CCTV फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार बदमाशों की तलाश कर रही है।

### किडनैप कर कोचिंग स्टूडेंट के हाथ-पैर तोड़े, 200 KM दूर रोड किनारे पटका

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर से किडनैप कर एक कोचिंग स्टूडेंट के हाथ-पैर तोड़ने का मामला सामने आया है। भाई के उसकी पत्नी भगा ले जाने की पूछकर चलती कार में मारपीट की गई। 7 घंटे तक बंधक बनाकर रख लाठी-डंडों से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ डाले। 200 किलोमीटर दूर रोड किनारे पटक हमलावर फरार हो गए। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ASI जयसिंह ने बताया- करौली के मामचारी निवासी मनोज (29) पर जानलेवा हमला किया गया। करौली के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट मनोज के पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पर्चा बयान में बताया- वह गोनेर रोड बैरवा कॉलोनी में किराए से रहकर रेलवे एग्जाम की तैयारी कर रहा है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने रूम से कोचिंग जाने के लिए निकला था। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के पीछे पहुंचे ही घात लगाए बैठे 5-6 लड़कों ने उसे रोका। पकड़कर उसका मोबाइल छीन लिया। एक आरोपी ने पूछा कि तेरा भाई मेरी पत्नी को भागाकर क्यों ले गया है? इसी बात को लेकर लात-घूंसों से मारपीट कर कार में डाल लिया। किडनैप कर ले जाते समय चलती कार में उसके साथ मारपीट की गई।

# राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट आमेर महल से शुरू: जयपुर में जुटे देशभर के 300 ट्रैवल एजेंट, 'स्टोरीज, जर्नी, स्माइल्स' थीम पर हो रहा आयोजन





जूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के छठे संस्करण की गुरुवार को आमेर महल के दीवाने आम महल से शुरुआत हुई। इस बार मार्ट की थीम 'स्टोरीज, जर्नी, स्माइल्स' रखी गई है। उद्घाटन अवसर पर पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव शुचि त्यागी और टूरिज्म कमिश्नर रुक्मणी रियार मौजूद रही। आरडीटीएम का आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान की ओर से राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तेज बारिश की वजह से प्रभावित हुआ। गणेश पोल और जलेब चौक में होने वाला यह कार्यक्रम पूरी तरह से दीवाने आम में सिमटकर रह गया। इस अवसर पर शुचि त्यागी ने कहा कि घरेलू पर्यटन भारत के पर्यटन विकास के प्रमुख आधारों में से एक है और राजस्थान देश के प्रमुख पसंदीदा पर्यटन गंतव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में घरेलू पर्यटकों की संख्या में लगातार सकारात्मक वृद्धि हो रही है। सरकार निवेश आकर्षित करने, पर्यटन के पूरे तंत्र को मजबूत करने, स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने और पर्यटन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर तैयार करने के लिए नई नीतियों पर काम कर रही है।

पर्यटन सचिव ने कहा कि आज पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वास्तविक और अनुभव आधारित यात्राओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। राजस्थान में शादियों, ग्रामीण पर्यटन, वन्यजीव, पर्यावरण आधारित पर्यटन, स्वास्थ्य एवं आरोग्य, साहसिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, मानसून पर्यटन और सम्मेलन आधारित पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास राजस्थान को पूरे वर्ष पर्यटन के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के साथ कम चर्चित स्थलों, नए पर्यटन सर्किट और स्थानीय अनुभवों को बढ़ावा देना है। इससे पर्यटकों के राज्य में ठहरने की अवधि बढ़ेगी और पर्यटन का लाभ स्थानीय समुदायों, कारीगरों, उद्यमियों, होमस्टे संचालकों, गाइड और अन्य लोगों तक पहुंचेगा।

### नए पर्यटन उत्पादों पर जोर

राजस्थान की पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियार ने कहा कि राज्य में नए, क्षेत्र विशेष से जुड़े और अनुभव आधारित पर्यटन उत्पाद विकसित करने की जरूरत है। आरडीटीएम के माध्यम से नए पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने, उभरते घरेलू बाजारों तक पहुंच बनाने और पर्यटकों को पारंपरिक पर्यटन सर्किट से आगे नए गंतव्यों तक ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का लक्ष्य पर्यटन के माध्यम से अपनी जीडीपी को दोगुना करना है। इसके लिए सरकार, पर्यटन उद्योग और स्थानीय समुदायों के बीच लगातार समन्वय जरूरी है। आरडीटीएम जैसे मंच उद्योग से सुझाव लेने, व्यावहारिक चुनौतियों को समझने और नए पर्यटन उत्पाद व सर्किट विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पर्यटन से रोजगार के नए अवसर

एफएचटीआर के महासचिव तरुण बंसल ने स्वागत संबोधन में आरडीटीएम को पर्यटन को बढ़ावा देने वाला सशक्त मंच बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन का लाभ केवल पर्यटन उद्योग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे देश के अलग-अलग हिस्सों में रोजगार और कारोबार के अवसर भी पैदा होते हैं। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े स्थलों और उत्पादों की पहचान बढ़ने से राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय स्तर पर रोजगार को भी फायदा मिलता है। एफएचटीआर एवं राटो के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने मार्ट की दो दिवसीय प्रदर्शनी और इस वर्ष की थीम की जानकारी दी।

### पर्यटन स्थलों को जोड़ने की अपील

एफएचटीआर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने कहा कि कोविड के बाद राजस्थान में घरेलू पर्यटन का फुटफॉल बढ़ा है। उन्होंने सीकर जिले के खाटू श्यामजी मंदिर में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन के साथ कई ऐसे पर्यटन क्षेत्र हैं, जिनमें अभी और संभावनाएं तलाशने की जरूरत है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों से राजस्थान के अनछुए और कम चर्चित पर्यटन स्थलों को अपनी यात्रा योजनाओं में शामिल करने की अपील की। उनका कहना था कि इससे इन क्षेत्रों की संस्कृति और इतिहास को नई पहचान मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों को भी इनसे जोड़ा जा सकेगा।

### 300 ट्रैवल एजेंट्स, 700 प्रॉपर्टीज

आरडीटीएम के तहत 18 और 19 सितंबर को जयपुर स्थित बी.एम. बिड़ला कन्वेंशन सेंटर में प्रदर्शनी और बी2बी बैठकें आयोजित होंगी। देशभर से करीब 300 ट्रैवल एजेंट्स और राजस्थान की 700 से अधिक प्रॉपर्टीज व टूर कंपनियां इसमें भाग ले रही हैं। दो दिनों के दौरान 21 हजार से अधिक बी2बी बैठकों की उम्मीद है। पंजीकृत खरीदार और विक्रेता अपने निर्धारित बूथ पर आमने-सामने बैठक करेंगे। ट्रैवल एजेंट्स पर्यटन और आतिथ्य उत्पादों की जानकारी लेंगे। इससे राजस्थान के पर्यटन स्थलों, होटल सेवाओं और अनुभव आधारित पर्यटन उत्पादों को देश के अलग-अलग बाजारों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

### नाइट पोलो भी होगा

18 सितंबर की शाम राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर नाइट पोलो का आयोजन भी किया जाएगा। शाम 7 बजे से एफएचटीआर कप पोलो एग्जीबिशन मैच खेला जाएगा। इसका आयोजन विशेष रूप से होस्टेड बायर्स और आमंत्रित अतिथियों के लिए किया जा रहा है। इसके जरिए राजस्थान की पोलो विरासत और खास तौर पर नाइट पोलो को पर्यटन आकर्षण के रूप में सामने लाने का प्रयास होगा। मार्ट के अंतिम दिन 19 सितंबर को बी2बी बैठकें जारी रहेंगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से एग्जीबिशन आम लोगों के लिए भी खोल दी जाएगी। इससे जयपुर के स्थानीय लोग और पर्यटन में रुचि रखने वाले लोग भी राजस्थान के पर्यटन, आतिथ्य, यात्रा और उत्पादों को देख सकेंगे। आरडीटीएम में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई पहल की जा रही हैं। इनमें बावड़ियों के जीर्णोद्धार और मंगणियार समुदाय से जुड़े पारंपरिक वाद्य यंत्र 'कमायचा' की विरासत और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के प्रयास हैं।

# 6 पार्षदों पर आपराधिक मामले: 5 पुरुष, एक महिला शामिल, चोरी-मारपीट और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में हुए चुनाव में जीत दर्ज करने वाले 6 नवनिर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनावी हलफनामों में दर्ज जानकारी के अनुसार इन पार्षदों पर मारपीट, जुआ खेलने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े आरोपों के मामले सामने आए हैं। खास बात यह है कि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे इन 6 पार्षदों में सिर्फ एक महिला पार्षद हैं। वार्ड-118 से कांग्रेस की सुनीता गुप्ता मावर पर आईपीसी की धारा 342, 332, 353, 506 और SC/ST एक्ट की धारा3(2)(va), 3(1)(r), 3(1)(s) के तहत केस पेंडिंग है।

वहीं वार्ड-52 से नवनिर्वाचित पार्षद कांग्रेस के हनुमान सैनी पर सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलने का आरोप था , हालांकि उन पर लगे केस का निस्तारण हो चुका है। इधर वार्ड-97 से भाजपा के नवनिर्वाचित शशि प्रकाश शर्मा पर तो चोरी का आरोप है। शशि कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा-379 के तहत मामला पेंडिंग है।

वार्ड-11 से भाजपा के शैलेंद्र शर्मा पर बीएनएस की धारा 126(2), 115(2) के तहत किसी को गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप है। वार्ड-74 से भाजपा के पार्षद रामपाल पर सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने के आरोप में धारा 332, 353 के तहत आरोप है।

# AVI और लीडलेस पेसमेकर से बदल रहा हृदय-रोगों का इलाज: डॉक्टरों ने बताई आधुनिक तकनीक की खूबियां, मरीजों ने भी साझा किए अनुभव

जूम न्यूज़ • जयपुर

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से गुरुवार को होटल फोर पॉइंट्स बाय शेरटन में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें हृदय रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीक TAVI और लीडलेस पेसमेकर के सफल उपचारों की जानकारी दी गई। नारायणा हॉस्पिटल के एडिशनल डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी डॉ. अंशु काबरा ने बताया कि इन तकनीकों में पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में कम इनवेसिव प्रक्रिया अपनाई जाती है। उन्होंने बताया कि बड़े चीरे की जरूरत कम होती है और मरीज अपेक्षाकृत जल्द सामान्य गतिविधियों में लौट सकता है। खासतौर पर बुजुर्ग और कुछ जटिल स्वास्थ्य समस्याओं वाले मरीजों में इन तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक से उपचार करा चुके मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए। क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने कहा कि जटिल मरीजों में उपचार से पहले उनकी पूरी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन और विभिन्न विशेषज्ञों के बीच समन्वय जरूरी है। इसी आधार पर मरीज के लिए उपचार की उपयुक्त प्रक्रिया तय की जाती है।



कहा- मेयर-चेयरमैन बीजेपी का नहीं, लक्ष्मीजी का बनेगा

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत बोले- रोड-शो का जवाब रोड-शो होता तो ज्यादा सीटें जीतते, कहा- कांग्रेस प्लानिंग करती तो फायदा मिलता

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- मुख्यमंत्री के रोड शो और बीजेपी नेताओं के आक्रामक चुनाव प्रचार पर कांग्रेस भी रोड शो निकालती तो हम थोड़ा बेटर हो सकते थे। गहलोत ने कहा- कांग्रेस के अगर सब नेता एक साथ निकलते।प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रोग्राम बनता। कोई प्लानिंग होती तो मैं समझता हूं सरकार के खिलाफ जो माहौल है, उसका फायदा कांग्रेस को मिलता। हम ज्यादा सीटें जीत सकते थे। शहरी निकाय चुनाव में कांग्रेस से ज्यादा निर्दलीयों को वोट मिलने और बीजेपी के आक्रमक प्रचार का पार्टी के जवाब नहीं देने पर गहलोत ने सवाल उठाए। गहलोत गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- सरकार से नाराजगी के बावजूद निर्दलीयों को जो वोट मिले हैं, वो कांग्रेस को क्यों नहीं मिले, यह सवाल रहेगा। इसका विश्लेषण कांग्रेस पार्टी अपने लेवल पर बैठकर करेगी, तभी सही स्थिति का आकलन होगा।



### पार्षदों को दिए जा रहे 2-2 करोड़ के प्रलोभन

अशोक गहलोत ने कहा- मेयर भाजपा का नहीं बनेगा, लक्ष्मीजी का बनेगा। उनकी स्थिति खराब है, लेकिन लक्ष्मीजी की ताकत कितनी बड़ी है। उस लक्ष्मी की ताकत से मेयर बनाएंगे। निष्पक्ष चुनाव के लिए 'इक्वल लेवल प्लेइंग फील्ड' होना आवश्यक है, लेकिन प्रदेश में एकतरफा पुलिस कार्रवाई की जा रही है। गहलोत ने कहा- जो लोग करोड़ों रुपए खर्च करके चेयरमैन या मेयर बनेंगे, वे जनता की सेवा करने के बजाय अपनी लागत वसूलने का काम करेंगे। इससे आम नागरिक की जेब पर सीधा डाका पड़ेगा। देश में भाजपा के पास पैसों की कमी नहीं है।

गहलोत ने कहा- यह हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि निर्दलीयों के पास वोट क्यों गए? यह वोट कांग्रेस को मिलने चाहिए थे। हमें उम्मीद है कि पंचायत चुनाव में हम यह जो यह कमी रही है, उसकी भरपाई कर पाएंगे। हमने 'संगठन सृजन' कार्यक्रम चलाकर पूरा जाल बिछाया हुआ था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में निर्दलीय जीते हैं तो स्वाभाविक है सवाल उठेगा। गहलोत ने कहा- बीजेपी सरकार के प्रति नाराजगी थी, जो सब झलकती है यह बात फैक्ट है। हर व्यक्ति के जुबान पर नाराजगी दिखती है। इस सरकार के प्रति ऐसी नाराजगी मैंने पहले कभी नहीं देखी। हालांकि चुनाव में बीजेपी पूरी तरह कामयाब नहीं हुई, लेकिन निर्दलीय का जीतना चिंताजनक है।

गहलोत ने कहा- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, मनमाना परिसीमन, मुख्यमंत्री के खुद के रोड शो और भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की मॉनिटरिंग के बावजूद 64% वोट भाजपा के खिलाफ पड़े हैं। राज्य सरकार पर किसी भी तरह से ज्यादा से ज्यादा बोर्ड बनाने का भारी दबाव है। गहलोत ने कहा- प्रदेश के कुल 10 हजार 244 वार्डों में से भाजपा 6,065 वार्डों (59%) में चुनाव हारी है।

# जयपुर नगर निगम महापौर पद को लेकर ब्राह्मण समाज ने जताई दावेदारी

## महासभा बोली- 30 साल से समाज का कोई मेयर नहीं बना, प्रतिनिधित्व मिले

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर नगर निगम चुनाव के नतीजे आने के बाद अब महापौर पद को लेकर अलग-अलग समाजों की ओर से प्रतिनिधित्व की मांग उठने लगी है। ब्राह्मण समाज ने भी भाजपा से जयपुर महापौर के लिए ब्राह्मण पार्षद को मौका देने की मांग की है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने कहा कि जयपुर में लंबे समय से ब्राह्मण समाज को महापौर पद पर प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एलटी शर्मा ने कहा - राजस्थान में ब्राह्मण समाज की आबादी करीब 22 से 23 प्रतिशत है। इस बार जयपुर में ब्राह्मण समाज ने भाजपा को बढ़-चढ़कर वोट दिया है। ऐसे में भाजपा और संघ से मांग है कि किसी अनुभवी ब्राह्मण पार्षद को महापौर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले 30 साल से जयपुर में ब्राह्मण समाज का कोई महापौर नहीं बना है।

एलटी शर्मा ने कहा - जयपुर विश्व स्तर पर पर्यटन स्थल और शहर के रूप में पहचान रखता है। ऐसे में शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर करने के लिए अनुभवी व्यक्ति को महापौर की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के किसी योग्य पार्षद को यह मौका दिया जाए। शर्मा ने कहा - कांग्रेस और भाजपा से प्रदेशभर में बनने वाले बोर्ड और निगमों में भी सवर्ण समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग है। उन्होंने कहा कि समाज आगे भी पार्टियों का साथ देता रहेगा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के महामंत्री अनूप पारीक ने कहा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ब्राह्मण समाज से आते हैं, लेकिन वे पूरे राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। जयपुर छोटी काशी के नाम से विश्वभर में प्रसिद्ध है और यहां ब्राह्मण समाज की बड़ी संख्या है।

उन्होंने कहा - पिछले 30 साल में चार बार वैश्य समाज से महापौर का प्रतिनिधित्व दिया जा चुका है। इसके अलावा अन्य समाजों को भी प्रतिनिधित्व मिला है, लेकिन ब्राह्मण समाज से अब तक कोई महापौर नहीं बना। इसलिए इस बार जयपुर में ब्राह्मण समाज को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।



## चिरंजीवी की 'काका' संक्रांति पर होगी रिलीज

**मुंबई।** चिरंजीवी की फिल्म 'काका' के 2027 में संक्रांति पर रिलीज होने की प्लानिंग चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि फिल्म की रिलीज की तारीख आधिकारिक तौर पर 13 जनवरी तय की गई है। मेकर्स ने फिल्म के टलने की अटकलों पर विराम लगा दिया है, जबकि ऐसी खबरें थीं कि चिरंजीवी की लंबे समय से अटकी फिल्म 'विश्वंभरा' को भी संक्रांति पर रिलीज करने पर विचार किया जा रहा था। 'काका' की टीम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए रिलीज की देरी की अफवाहों पर विराम लगाया है और बताया कि यह फिल्म अपने तय समय पर ही दस्तक देगी। 'काका' के मेकर्स ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'सभी अटकलों को खत्म करते हुए, काका संक्रांति 2027 पर रिलीज हो रही है। मेगास्टार चिरंजीवी गारू और बॉबी के साथ हमारी बहुप्रतीक्षित फिल्म 13 जनवरी, 2027 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी।



### लाइफ Style

## ईशा
## बॉलीवुड में एंट्री, गुरमीत संग करेंगी रोमांस

ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी स्टारर फिल्म 'तुम मेरे हो' के नए पोस्टर सामने आए हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। 'बिग बॉस 17' फेम ईशा मालवीय जल्द फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। गुरुवार को मेकर्स ने उनकी इस हिंदी फिल्म के कई पोस्टर जारी किए। खास बात ये है कि इस मूवी में वह टीवी के पॉपुलर अभिनेता गुरमीत चौधरी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी।

**मुंबई**

गुरमीत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर शेयर किए हैं, जिसमें देखने को मिला कि दोनों रोमांस में खोए हुए नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में दोनों लिपलॉक करते नजर आए और आगे के पोस्टर में भी दोनों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला.इन पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरे हो' की दुनिया में डुबकी लगाओ। फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। क्योंकि कई बार, प्यार में पड़ना आसान होता है, लेकिन इसके बाद जो होता है, वो कहानी है।' बता दें कि गुरमीत चौधरी ही ईशा को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है और यह रेवा क्रिएटिव हाउस और देबगुरु फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है। वहीं, फिल्म को आरती एस और देबिना बनर्जी ने प्रोड्यूस किया है।


तरण आदर्श के मुताबिक, मूवी में लव स्टोरी के साथ-साथ एडवेंचर और एक्शन भी देखने को मिलेगा। ऐसे में अब ये देखना काफी दिलचस्प होगा कि ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी की केमिस्ट्री लोगों को पसंद आती है या नहीं। ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी 'लाफ्टर शेफ्स 3' में साथ काम कर चुके हैं। ईशा इससे पहले पंजाबी फिल्म 'इश्कां दे लेखे' में नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत टीवी शो 'उडारियां' से की थी।

### हॉलीवुड मसाला



## छुपे राज खोलेगी डायना की अनसुनी रिकॉर्डिंग्स

लॉस एंजिल्स। 'डायना अनहर्ड' नाम की एक नई डॉक्युमेंट्री सीरीज इंटरनेशनल लॉन्च के लिए तैयार है। इसमें प्रिंसिस डायना की ऐसी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स हैं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं। इनमें वह अपनी जिंदगी, प्यार और शाही परिवार के बारे में बात करती नजर आती हैं। इस डॉक्युमेंट्री सीरीज के राइट्स सिनेफ्लिक्स को मिल गए हैं। अब इसे कान में एमआईपी कॉम इवेंट में बड़े पैमाने पर लॉन्च करने की तैयारी चल रही है। तीन हिस्सों वाली यह डॉक्युमेंट्री 'लव मंडे टीवी' ने बनाई है। यह यूनाइटेड किंगडम की एक इंडिपेंडेंट प्रोडक्शन कंपनी है, जिसने ब्रिटिश राजपरिवार पर कई शो बनाए हैं। खास बात यह है कि 'डायना अनहर्ड' के निर्माता को उन बातचीत की रिकॉर्डिंग्स मिल गईं, जो डायना ने 1991 में अपने दोस्त जेम्स कोलहर्स्ट के साथ गुपचुप तरीके से की थीं।



## एक्शन छोड़ ड्रामा में नजर आएंगे टॉम

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक से भी ज्यादा समय बाद, टॉम क्रूज एक ऐसी फिल्म में नजर आएंगे जो किसी धमाकेदार, रोमांचक और बड़े पैमाने पर बनी हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म से अलग है। ऑस्कर विजेता अलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु द्वारा निर्देशित 'डिगर' एक ग्रैंड ड्रामा फिल्म होगी जिसमें टॉम क्रूज एक सनकी, बूढ़े दक्षिणी अरबपति की भूमिका निभा रहे हैं। विचित्र अभिनय से लेकर विशाल सेट और वाइड-एंगल सिनेमैटोग्राफी तक, पूरी फिल्म 'डॉ. स्ट्रेंजेलोव' को श्रद्धांजलि जैसी लगती है। हालांकि, क्रूज के लिए इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात इसके पीछे के फिल्म निर्माता हैं। डिगर की ओर आकर्षित होने के बारे में बात करते हुए, क्रूज ने इन्नारितु के प्रति अपनी लंबे समय से चली आ रही प्रशंसा का जिक्र किया, जो उनकी फिल्म अमोरेस पेरोस से शुरू हुई थी, और बताया कि उन्हें फिल्म निर्माता की कहानी कहने की शैली, अभिनय और विजुअल लैंग्वेज ने उन पर शुरू से ही कितना गहरा प्रभाव डाला था। डिगर को अपनी पहली पसंद की फिल्म बताते हुए टॉम क्रूज ने कहा,'यह वही फिल्म है जिसे मैं बनाना चाहता था।



## शुरुआती कॅरियर में शिवांगी का सेट पर उड़ा था मजाक

**मुंबई।** हाल ही में रिलीज हुए अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज हार्ट बीट्स : प्यार और अरमान के सीजन 2 में नजर आई शिवांगी जोशी को कॅरियर के शुरुआती दौर में भले ही सपोर्ट न मिला हो, लेकिन वह नए कलाकारों के साथ बहुत अच्छे से पेश आती हैं। इसे शिवांगी अपनी जिम्मेदारी समझती हैं। वह कहती हैं कि लड़का हो या लड़की दोनों के लिए इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है। मैं जब नई-नई इस इंडस्ट्री में आई थी, तो मुझे वह सपोर्ट नहीं मिला था। मुझे काफी बुरा महसूस करवाया गया था। मेरी कोशिश बस यही रहती है कि मैं सामने वाले नए कलाकार को जितना सहज महसूस करवा पाऊं करती हूं। उन्हें ऐसे समझाती हूं, ताकि उन्हें बुरा भी न लगे और वह अच्छा करे और उनकी सराहना हो। शिवांगी ने कहा कि शुरुआती कॅरियर में उनका सेट पर मजाक उड़ाया गया था



## फ्रीडा-सिद्धार्थ की अनकस्टमड अर्थ का पहला लुक जारी

**मुंबई।** अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें फ्रीडा पिंटो और सिद्धार्थ अहम किरदार में हैं। यह सीरीज भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी बताएगी। यह 17 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर स्टारर फ्रीडा पिंटो की अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी किया गया है। यह फैमिली ड्रामा है जो झुम्पा लाहिड़ी की इसी नाम की शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन पर आधारित है। इस सीरीज में फ्रीडा पिंटो 'पारुल चौधरी' के रोल में और सिद्धार्थ 'अमित' के रोल में हैं। यह सीरीज कैम्ब्रिज, बोस्टन और मैसाचुसेट्स में रहने वाले कई पीढ़ियों के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी है। यह कहानी अलग-अलग पीढ़ियों के बीच प्यार, नुकसान, अपनापन और रिश्तों जैसे विषयों को दिखाती है। फ्रीडा पिंटो ने पारुल चौधरी का रोल निभाया है।

### टीवी मसाला



## सास ने की जिंदा जलाने की कोशिश, बेटी से भी किया जुदा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक कंटेस्टेंट की कहानी सुनकर भावुक हो गए। दरअसल, शो में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की रहने वाली कंटेस्टेंट कपिला तनेजा आईं। उन्होंने सभी के सामने अपने साथ हुए घरेलू हिंसा का भयावह अनुभव शेयर किया। कपिला ने बताया कि उनके ससुराल वालों ने उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की थी। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह पिछले 24 वर्षों से अपनी बेटी से अलग रह रही हैं। एपिसोड के दौरान कपिला ने बताया, 'ससुराल में मुझे जलाने की कोशिश की गई थी। मेरी लव मैरिज थी और वह भी इंटर कास्ट। ससुराल वाले दहेज चाहते थे, लेकिन मेरी वजह से ऐसा नहीं हो पाया। जब तक मेरी सास घर से बाहर थीं, सब ठीक रहता था, लेकिन उनके वापस आते ही मेरी परेशानी और ताने बढ़ जाते थे। आखिरकार उन्होंने पूरी तैयारी कर ली और मुझ पर मिट्टी का तेल डालकर मोमबत्ती से आग लगा दी।' एपिसोड में कपिला ने आगे बताया, 'सर्दियों का मौसम था, इसलिए मेरी साड़ी का पल्लू और स्वेटर मेरे शरीर से चिपक गए थे। किसी तरह मैंने उन्हें हटाया और पानी की टंकी में कूद गई। फिर मुझे अस्पताल ले जाया गया।' उनकी कहानी सुनकर अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए और बोले, 'यह कहना कि उनके साथ अन्याय हुआ है, बहुत छोटी बात होगी। हम बस यही प्रार्थना कर सकते हैं कि किसी भी महिला को कभी ऐसे हालात या ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े।' कपिला ने यह भी बताया कि उनकी एक बेटी है, जिसे उन्होंने आखिरी बार अस्पताल में देखा था।

## 'मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें'

**नई दिल्ली।** प्रेग्नेंसी के बाद कटरीना कैफ के बढ़े वजन को लेकर चर्चा के बीच अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया की एक पोस्ट वायरल हो रही है। 'देवों के देव... महादेव' की अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने पोस्ट में बताया



कि प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं के शरीर को लेकर लोग कैसी-कैसी बातें करते हैं। सोनारिका ने भी दिसंबर 2025 में कैटरीना के ठीक एक महीने बाद, एक बेटी को जन्म दिया था। टीवी अभिनेत्री सोनारिका ने लोगों से अपील की कि वे हाल ही में मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें। सोनारिका ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। हालांकि, यह पोस्ट कैटरीना को लेकर चल रही ऑनलाइन चर्चाओं के बीच आई है, जिन्हें हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ बाहर निकलने पर उनके लुक के लिए ट्रोल किया गया था। सोनारिका ने लिखा, 'किसी ऐसी महिला को देखकर यह तय करना कि उसका शरीर अब पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसने अभी-अभी इस दुनिया में एक नई जान को जन्म दिया है बहुत ही बेरहम बात है।

## दूसरे बेबी के जन्म से पहले दीपिका ने लिया बप्पा का आशीर्वाद



**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण शुक्रवार को मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। दोनों ने यहां भगवान गणेश के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान रणवीर के माता-पिता भी उनके साथ नजर आए। मंदिर पहुंचते ही कपल ने पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। दीपिका इन दिनों अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं और मंदिर में भी उनका बेबी बंप साफ नजर आया। मंदिर दर्शन के दौरान दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज और पर्पल रंग का कुर्ता सेट पहना हुआ था। वहीं, रणवीर सिंह पर्पल कुर्ते के साथ सफेद पैंट में नजर आए। दोनों का यह सिंपल और ट्रेडिशनल लुक सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है। परिवार के साथ मंदिर पहुंचने के दौरान दोनों ने भगवान गणेश के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की। सिद्धिविनायक मंदिर जाने से ठीक एक दिन पहले रणवीर सिंह मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे। गणपति उत्सव के मौके पर रणवीर ने बप्पा के सामने माथा टेका और हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इस दौरान अभिनेता गुलाबी रंग के कुर्ते में दिखाई दिए थे। गणपति उत्सव के बीच लगातार मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रहे रणवीर का धार्मिक अंदाज फैंस को भी पसंद आ रहा है। रणवीर और दीपिका का सिद्धिविनायक मंदिर से खास कनेक्शन भी रहा है। इससे पहले दोनों 6 सितंबर 2024 को यहां पहुंचे थे। खास बात यह है कि उस दर्शन के महज दो दिन बाद यानी 8 सितंबर को उनके घर बेटी का जन्म हुआ था।

## 17 दिन में पूरा हो पाया था जीनत का एक सीन



**नई दिल्ली।** जीनत अमान को हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्ट्रेस के तौर पर जाना जाता है। 70 से लेकर 80 के दशक के बीच जीनत ने लेडी सुपरस्टार के तौर पर इंडस्ट्री पर राज किया और इसी दौरान उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की बेस्ट मूवीज भी दीं। उनमें से एक फिल्म भी ऐसी भी रही थी, जिसके एक सीन के लिए जीनत को 17 दिनों का समय लगा था। कमाल की बात ये थी कि जीनत अमान की वह 52 साल पुरानी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। अभिनेत्री जीनत अमान की जिस आइकॉनिक फिल्म के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसे साल 1974 में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। समाज को आईना दिखाने वाली उस फिल्म का नाम था- रोटी कपड़ा और मकान। ये एक मल्टी स्टारर फिल्म थी, जिसमें मनोज कुमार, शशि कपूर, अमिताभ बच्चन, जीनत अमान, मौसमी चटर्जी और प्रेम नाथ जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को अदा किया था। फिल्म का डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था और ये उनके द्वारा बनाई गई सबसे शानदार मूवीज में से एक रही। एक रिपोर्ट के अनुसार रोटी कपड़ा और मकान के क्लाईमैक्स सीन में जीनत अमान का रोने वाला सीन था और इसके लिए मनोज चाहते थे कि जीनत सच में अपने आंसुओं को निकालें। एक इंटरव्यू के दौरान मनोज कुमार ने बताया था- जीनत अमान कमाल की अदाकारा हैं। मैं चाहता था कि वह अपने आसुओं पर कंट्रोल करें और सीन में डायलॉग के बाद उन्हें बहने दें। फिल्म के लिए मेरे पास सिर्फ 3 दिनों के लिए उनकी डेट्स थीं, क्योंकि अन्य फिल्मों की वजह से वह उन दिनों बहुत व्यस्त थी। लेकिन, उस सीन को खत्म करने में हमें 17 दिन लग गए। मेरी कहने पर उन्होंने अन्य निर्माताओं के साथ अपनी तारीखों में फेरबदल किया।

### जीनत का कल्ट गाना

*फिल्म रोटी कपड़ा और मकान अपने समय की सबसे सफल मूवीज में से एक मानी जाती है। इस मूवी की तरह जीनत अमान पर फिल्माया गया गाना- हाय हाय ये मजबूरी... भी काफी लोकप्रिय हुआ था और एक्ट्रेस के डांस मूव्स ने हर किसी को दीवाना बना दिया था।*

### बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में बनाई पहचान

# ऑस्कर 2027 में भारत की ओर से जाएगी गोंधल, फिल्म की कहानी है खास

**मुंबई**

ऑस्कर 2027 में भारत की तरफ से कौन-सी फिल्म दावेदारी पेश करेगी, इसका फैसला हो चुका है। मराठी सिनेमा के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। कोई बॉलीवुड नहीं, बल्कि फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मराठी फिल्म 'गोंधल'को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना है। फिल्म का चयन होने के बाद अब यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। अपनी कहानी और विषय को लेकर चर्चा में रही इस फिल्म से अब देशभर के सिनेमा प्रेमियों की उम्मीदें जुड़ गई हैं। संतोष डावखर निर्देशित फिल्म प्रेम, छल और अपराध की कहानी है, जिसने बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में पहचान बनाई। ऑस्कर की रेस में भारत की ओर से 'गोंधल' का पहुंचना क्षेत्रीय सिनेमा की बढ़ती ताकत और उसकी कहानियों की व्यापक स्वीकार्यता को भी दर्शाता है। अब यह फिल्म बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। खास बात यह है कि इस साल देश की अलग-अलग भाषाओं में बनी 33 फिल्मों ने ऑस्कर के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।




### कास्ट और डायरेक्टर

मराठी फिल्म गोंधल का निर्देशन संतोष डावखर ने किया है। उन्होंने ही फिल्म की कहानी और पटकथा भी लिखी है। फिल्म में किशोर कदम, इशिता देशमुख, योगेश सोहोनी और निषाद भोईर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सुरेश विश्वकर्मा, अनुज प्रभु, माधवी जुवेकर, ऐश्वर्या शिंदे, कैलाश वाघमारे, पूनम पाटील और विठ्ठल काले जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आते हैं। बता दें, इस फिल्म को आईएमडीबी पर 8.9 रेटिंग मिली है।

### गोंधल की कहानी क्या है?

मराठी फिल्म 'गोंधल' की कहानी ग्रामीण महाराष्ट्र की पृष्ठभूमि में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान के बीच आकार लेती है। फिल्म की मुख्य किरदार सुमन एक ऐसे विवाह में फंस जाती है, जिसमें उसे आर्थिक रूप से संपन्न आनंद से शादी करनी पड़ती है, जबकि उसका दिल गोंधली कलाकार साहेबा के लिए धड़कता है। इस रिश्ते से बाहर निकलने के लिए सुमन एक खतरनाक योजना बनाती है। वह आनंद के चचेरे भाई सरजेराव की उसके प्रति दीवानगी का फायदा उठाती है और उसे ऐसे अपराध की ओर धकेलती है, जिसे वह खुद अंजाम नहीं दे सकती। फिल्म में गोंधल की रातभर चलने वाली परंपरा, संगीत और धार्मिक अनुष्ठान कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रेम, लालच, सत्ता, छल और आजादी की चाह के बीच कहानी धीरे-धीरे एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर का रूप लेती है।

### रिलीज और बॉक्स ऑफिस

गोंधल को 14 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। करीब दो घंटे लंबी यह फिल्म मराठी भाषा में बनी है। फिल्म का संगीत दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने दिया है। बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म का प्रदर्शन बहुत बड़ा व्यावसायिक हिट साबित नहीं हुआ। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक गोंधल ने भारत में करीब 84 लाख रुपए नेट और लगभग 90 लाख रुपए ग्रॉस का कलेक्शन किया। हालांकि, फिल्म को बाद में फिल्म फेस्टिवल सर्किट में काफी पहचान मिली। संतोष डावखर को 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 'गोंधल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला।

### हिंदी की सबसे ज्यादा फिल्में शामिल

ऑस्कर के लिए इस साल सामने आई फिल्मों में भाषाई विविधता देखने को मिली। कुल 33 फिल्मों में 14 फिल्में हिंदी भाषा की थीं, यानी किसी एक भाषा की ओर से सबसे ज्यादा प्रविष्टियां हिंदी सिनेमा से आईं। मराठी, तेलुगु और गुजराती सिनेमा की चार-चार फिल्मों ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया। वहीं तमिल भाषा की तीन फिल्मों को चयन प्रक्रिया में जगह मिली। मलयालम और नागामी भाषा की एक-एक फिल्म भी इस सूची का हिस्सा थीं। अलग-अलग भाषाओं और शैलियों की इन फिल्मों के बीच से 'गोंधल'का चुना जाना मराठी सिनेमा के लिए खास उपलब्धि माना जा रहा है।

## एशियाई खेल महिला क्रिकेट : रोहतक की शेफाली ने 15 गेंदों में बनाए 40 रन

# सेमीफाइनल में भारत, महज 5 ओवर में जापान को दी शिकस्त

### श्रीचरणी ने 10 रन देकर चटकाए 4 विकेट

निशिन

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और स्पिनर श्रीचरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैंपियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को 8 विकेट से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। श्रीचरणी ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया।

अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने 6 गेंद में 12 रन का योगदान दिया।

#### जापानी टीम 57 रन पर आउट

जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया। इससे पहले श्रीचरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिए और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिए टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था।

#### जापान ने पावरप्ले में बनाए 24 रन

पावरप्ले में 24 रन ही बने, जिसमें दो चौके लगे। श्रीचरणी ने सलामी बल्लेबाज हारुना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिए। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए, जिससे जापान की मुश्किलें और बढ गईं।



### सॉफ्ट टेनिस : क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से हारी भारतीय टीम

**नागोया।** भारतीय टीम एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से 0-2 से हार गई। भारत ने ग्रुप सी में मंगोलिया और लाओ को हराया जबकि चीनी ताइपै से पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम में जय मीणा, आर्यन ठाकुर, योगेश चौधरी, अनिकेत पाटिल और ओम यादव हैं। दूसरे क्वार्टर फाइनल में वे इंडोनेशिया से हार गए, जिसमें फर्नांडो सांगेर, टियो हुतारूक, मोहम्मद फालेवी, रिजकी लालुयान और बागुस प्राडेवा थे। जय मीणा और योगेश चौधरी को पुरुष युगल मुकाबले में टियो और फर्नांडो ने हराया। आर्यन ठाकुर को पुरुष एकल में बागुस ने मात दी। तीसरा मैच रद्द कर दिया गया।

### मनु भाकर और तूर चुने गए ध्वजवाहक

दो ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया। समारोह शनिवार को होना है। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा, ' मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी ' बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीते और वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बन गई थी। तूर ने पिछले दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।



### टेकबॉल : क्विम्सी डिसूजा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई। एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हराकर उलटफेर किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### कमरों की कमी से भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है, जिससे भारत को उनके लिए कमरों का इंतजाम करना पड़ा। कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ा। यादव ने कहा,' आयोजन समिति ने हमें बताया कि भारत से अपेक्षा से अधिक खिलाड़ी आ गए हैं लेकिन ऐसा नहीं है। हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं, जितने तय हुए थे। लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया, जिनके लिए हमने होटल बुक किए । 30-35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है।' उन्होंने कहा,'हमारी टीम ने फुर्ती दिखाते हुए कमरे बुक किए।'

## नई बुलंदियों को छूने पर भारत की नजरें



नागोया

खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिये यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नई कहानी लिखने की चुनौती होगी और अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा। एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलंपिक से बड़ा होने वाला है। भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जो यहां कदम रखने के बाद से रहने और आवागमन की लचर व्यवस्था से जूझ रहे हैं।

#### निशानेबाजी दल में अच्छा मिश्रण

निशानेबाजी दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जिनकी अगुवाई दो ओलंपिक पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। भारतीय दल में 30 निशानेबाज हैं, जिनमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन के धुरंधर शामिल हैं। एथलेटिक्स में दो बार के एशियाई खेल चैंपियन और भारतीय एथलेटिक्स के सबसे बड़े सितारे नीरज चोपड़ा नहीं हैं। चोट के कारण वह इन खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे लेकिन भारत के 74 सदस्यीय दल में पदक के कई दावेदार हैं। उद्घाटन समारोह में मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर की नजरें लगातार तीसरे स्वर्ण पद होंगी।

### ब्रीफ न्यूज



#### बिछू देवी को 'मैजिक स्किल' पुरस्कार

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी गोलकीपर बिछू देवी खारीबम और पाकिस्तान के स्ट्राइकर अब्दुल रहमान ने हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए एफआईएच विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'पोलिग्रास मैजिक स्किल ' पुरस्कार जीते। विजेताओं का चयन प्रशंसकों के वोट के आधार पर किया गया। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के पलों के आधार पर नामांकन तय किए गए थे। यह पुरस्कार एफआईएच के वैश्विक सप्लायर पोलिटेन द्वारा दिया जाता है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में तीन तीन दावेदार थे। बिछू को इंग्लैंड के खिलाफ पूल चरण के मैच में आखिरी तीस सेकंड में शानदार तरीके से गोल बचाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। यह मैच ड्रॉ रहा और इसके आधार पर भारत ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही, जो 1974 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बिछू को 52 प्रतिशत वोट मिले ।

#### अगरकर पर फैसला लेने पदाधिकारी 'अधिकृत'



**मुंबई।** बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्य इकाइयों ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार देने या उनके स्थान पर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया। मौजूदा चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है। ऐसे में बीसीसीआई उनके स्थान पर नए अध्यक्ष की तलाश कर सकता है। बैठक के बाद बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने अगरकर के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया।

बीसीसीआई की 95वीं एजीएम में बोर्ड से संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सौरव गांगुली तथा वेंकटेश प्रसाद मौजूद रहे।

## अन्वय द्रविड़ ने 211 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से ठोके रन

### इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 रनों से हराया

राजकोट

पूर्व भारतीय दिग्गज कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के 17 साल के बेटे अन्वय द्रविड़ ने राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से तबाही मचा दी।

दाएं हाथ के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अन्वय ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए महज 28 गेंदों में 2 चौके और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 38 रनों की तूफानी पारी खेली। इस तरह इंडिया अंडर-19 ने राजकोट में पहले यूथ टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया।



#### संकटमोचन बने अन्वय

बारिश से प्रभावित इस 20-20 ओवर के मुकाबले में जब भारतीय अंडर-19 टीम ने 88 रन पर अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे, तब अन्वय द्रविड़ ने क्रीज पर कदम रखा। उन्होंने दबाव में बिखरने के बजाय ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर काउंटर अटैक किया। अन्वय ने साथी बल्लेबाज यशवर्धन चौहान के साथ मिलकर महज 34 गेंदों में 69 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस तूफानी साझेदारी के दम पर भारत की अंडर-19 टीम बारिश से बाधित इस पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182/6 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई इस 38 रनों की आक्रामक पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में मैच का रुख पलटने में माहिर हैं। अन्वय को खुद राहुल द्रविड़ ने तैयार किया है। यही कारण है कि आज वह भारत के लिए इतनी शानदार पारियां खेल पा रहे हैं।

## बटलर बने टी20 में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज

### जोस ने पूरे किए टी20 में 15 हजार रन

साउथैम्पटन

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 30 रन बनाते ही इतिहास रच दिया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे किए और वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले टी20 क्रिकेट में किसी ने भी 15 हजार रनों का आंकड़ा नहीं छुआ था। वहीं इंग्लैंड ने लगातार दूसरा मैच जीतते हुए सीरीज भी कब्जा ली।



#### पोलार्ड से आगे निकले बटलर

जोस बटलर अब कीरोन पोलार्ड से आगे निकल गए हैं। कीरोन पोलार्ड के नाम टी20 करियर में 14999 रन दर्ज हैं। वहीं बटलर 15 हजार टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने। जोस बटलर ने अपने 528 टी20 मैचों की 497वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया है। उनके नाम टी20 क्रिकेट में 9 शतक और 107 अर्धशतक दर्ज हैं। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अब जोस बटलर आ गए हैं। पोलार्ड इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। जबकि एलेक्स हेल्स तीसरे, क्रिस गेल चौथे और डेविड वॉर्नर पांचवें स्थान पर हैं। भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं।

## अच्छी शुरुआत के बाद हारे दक्षिणेश्वर

### डेविस कप क्वालीफायर्स में कोरिया की भारत पर बढ़त

सियोल

दक्षिणेश्वर सुरेश ने अच्छी शुरुआत की लेकिन लय कायम नहीं रख सके और दक्षिण कोरिया के सून वू क्वोन ने तीन सेटों में उन्हें हराकर भारत के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर्स दूसरे दौर के मुकाबले में शुक्रवार को मेजबान टीम को 1-0 से बढत दिला दी।

दक्षिणेश्वर शुरुआत में आत्मविश्वास से भरे दिखे लेकिन क्वोन ने धीरे धीरे लय पकड़ी। भारतीय खिलाड़ी को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारत की उम्मीदों का दारोमदार सुमित नागल पर है, जो दूसरे एकल मुकाबले में हियोन चुंग से खेलेंगे। पिछले साल पदार्पण के बाद से दक्षिणेश्वर की यह पहली हार है। शुक्रवार से पहले तक उन्होंने तीन एकल और एक युगल मुकाबला जीता था। दोनों देश अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली एशियाई टीम बनने की कोशिश में हैं। पहले सेट के बाद क्वोन ने अपनी रणनीति बदली लेकिन दक्षिणेश्वर इसका कोई जवाब नहीं दे पाये क्योंकि कोरियाई खिलाड़ी ने बाहर की ओर और उनके बैकहैंड की ओर सर्विस करना शुरू कर दिया। उनके दमदार रिटर्न की वजह से दक्षिणेश्वर मैच पर पहले की तरह हावी नहीं हो सके।



### एशिया कप की ट्रॉफियां पहुंचेंगी बीसीसीआई ऑफिस : सैकिया

**मुंबई।** बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीती गई एशिया कप की ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआई मुख्यालय पहुंचेंगी, हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई जा सकती। एशिया कप जीतने के बाद भारतीय पुरुष टीम और हाल में महिला टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सैकिया ने कहा, एशिया कप की ट्रॉफियां हमें उम्मीद है कि एक दिन यहां आ जाएंगी। मैं कोई समयसीमा नहीं बताऊंगा लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि दोनों ट्रॉफियां वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई कार्यालय में जरूर पहुंचेंगी।



## ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली 356 रन की सबसे बड़ी पारी

हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मुकाबला हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 356 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए।

यह ऑस्ट्रेलिया का वनडे क्रिकेट में जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का वनडे में सबसे बड़ा टोटल 6 विकेट खोकर 350 रन था, जो टीम ने 2014 में बनाया था। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 18.6 ओवर में 130 रन जोड़े। मार्श ने 63 गेंदों का सामना करते हुए 53 रनों की दमदार पारी खेली।



उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 3 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद हेड को कूपर कोनोली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिला। दूसरे विकेट के लिए हेड और कोनोली ने मिलकर 60 रन जोड़े। कोनोली ने 69 गेंदों में 3 चौके और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। वहीं, हेड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने शतकीय पारी खेली। हेड ने 84 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की लाजवाब पारी खेली।

# सैकिया बोले- एशिया कप ट्रॉफियां भारत आएंगी: समय नहीं बताया; टीम इंडिया ने नकवी के हाथ से नहीं ली थी

**मुंबई।** सैकिया ने यह बात BCCI की एनुअल जनरल मीटिंग में हिस्सा लेने के बाद कही। उन्होंने कहा- 'ट्रॉफियां कब आएंगी, इसकी समयसीमा नहीं बता सकते। लेकिन, दोनों ट्रॉफियां वानखेड़े स्टेडियम स्थित BCCI ऑफिस जरूर पहुंचेंगी।' 4 दिन पहले 14 सितंबर को भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप जीता था। लेकिन, PCB चीफ मोहसिन नकबी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था।

सैकिया ने कहा कि बोर्ड को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतेगी। टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान को हराया। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले हफ्ते दुबई में शानदार जीत के लिए अपनी महिला टीम को बधाई दी। उन्होंने जापान के खिलाफ पहला मैच बहुत अच्छे से जीता है।" सैकिया ने आगे कहा, 'हमें उम्मीद है कि वे इस महीने की 22 तारीख को एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतेंगी।'



#### क्यों नहीं ली नकवी से ट्रॉफी

एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन और पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत विरोधी बयान दिए थे। इस वजह से 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी। भारतीय विमेंस टीम ने उसी स्टैंड पर कायम रहते हुए नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया।

**पुरुष खिलाड़ियों ने मनाया था बिना ट्रॉफी के जश्न:** पिछले साल पुरुष एशिया कप में जब भारतीय टीम नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार दिया तब नकवी ने ट्रॉफी एशियन क्रिकेट काउंस के दफ्तर में भिजवा दी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के ही जश्न मनाया था।

## भारतीय पुरुष टीम ने इटली और महिला टीम ने यूनान को हराया

### शतरंज ओलंपियाड: इटली को 3-1 से हराया

समरकंद

निहाल सरीन के शानदार प्रदर्शन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के जीत की राह पर वापसी करने से भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां 46वें शतरंज ओलंपियाड में इटली को 3-1 से हराया। इस बीच महिला टीम ने यूनान के रक्षात्मक घेरे को ध्वस्त करते हुए 3.5-0.5 से जीत हासिल की और तीसरे दौर के बाद शीर्ष स्थान पर बनी रही। आर प्रज्ञाननंदा लगातार दूसरे दिन जीत हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने लोरेंजो लोडिसी के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली लेकिन निहाल सरीन और गुकेश ने अपने गेम जीत कर भारत की इटली पर जीत सुनिश्चित की। जहां निहाल ने फ्रांसेस्को सोनिस को हराया, वहीं सबिनो बुनेलो चौथे बोर्ड पर गुकेश के हाथों हार गए। अर्जुन एरिगैसी को लुका मोरोनी जूनियर के साथ ड्रॉ हासिल करने से पहले कुछ चिंताजनक क्षणों से गुजरना पड़ा। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनान की स्टावरौला त्सोलाकिडू को एकतरफा मुकाबले में हराया। दिव्या देशमुख और अनास्तासिया अव्रामिदू के बीच मैच ड्रॉ रहा, लेकिन वंतिका अग्रवाल ने एकातेरिनी पावलिडू को हराकर भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित की। आखिरी बोर्ड पर बी सविता श्री ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए एंटोनिया क्रिस्टोडौलाकी को हराकर टीम के लिए बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस 11 राउंड की प्रतियोगिता में अभी भी आठ राउंड बाकी हैं, शीर्ष टीमें अब एक-दूसरे से भिड़ेंगी और अगले तीन राउंड भारतीय ओपन और महिला टीम दोनों के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

## 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप हरियाणा को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प: नायब

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में 'विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा का वित्तपोषण' सम्मेलन में लिया हिस्सा



**नई दिल्ली**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा का वित्तपोषण' सम्मेलन में हिस्सा लिया। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री एवं वित्त सचिव भाग ले रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी, जिनके पास प्रदेश का वित्त विभाग भी है, ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लिया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश निरंतर विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज की यह बैठक भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन कैसे जुटाए जाएं और राज्यों के साथ मिलकर निवेश को किस प्रकार गति दी जाए, सम्मेलन में इन्हीं विषयों पर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर नीतिगत प्रयास कर रही है। उद्योगों से लेकर स्किल डेवलपमेंट तक विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी नीतियों का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए फसल खरीद और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर निरंतर नीतियां बनाई जा रही हैं। वहीं, प्रदेश में औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीतियां बनाई गई हैं। इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में कई हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है।

उन्होंने कहा कि आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है, ताकि युवाओं के लिए रोजगार और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकें।

सैनी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप हरियाणा सरकार ने अपना विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत किया है। हरियाणा को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित करने का संकल्प लिया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में इसी प्रकार सकारात्मक प्रयासों को दृढ़ता से लागू करती रहेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### अमृतसर में एएसआई की हत्या, मारी गोलियां


**अमृतसर।** यहां गुरुवार देर रात ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के एक एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



थाना गेट हकीमां में तैनात एएसआई हरजीत सिंह करीब रात 2:30 बजे दाना मंडी के पास बाइक पर गश्त कर रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### गुजरात में पिता ने मासूम को मारकर की आत्महत्या

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर है, जहां आर्थिक तंगी से परेशान एक पिता ने अपनी 5साल की



मासूम बेटी की मुंह दबाकर हत्या कर दी और उसकी लाश को फ्रिज में रखकर खुद फांसी लगा ली। वारदात को अंजाम देने से पहले शख्स ने कमरे को गुब्बारों और मोमबत्तियों से सजाया था।

### तुलु बनी कर्नाटक में अतिरिक्त भाषा

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने तुलु



को राज्य की दूसरी अतिरिक्त भाषा के रूप में मान्यता देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य रूप से दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में बोली जाने वाली तुलु भाषा में शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास की काफी संभावनाएं हैं।

### चांगलांग में 46.60 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में सुरक्षा बलों ने मादक पदार्थ-रोधी संयुक्त



अभियान के दौरान करीब 46.60 लाख मूल्य की 233 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर जब्त की और दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह अभियान असम राइफल्स ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर शुरू किया था।

## राहुल ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप

# 'वोट चोरी, सरकार चोरी, अब पार्टी चोरी' राहुल गांधी का चुनाव आयोग पर हमला

**नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर जारी विवाद के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और अब तृणमूल कांग्रेस के मामले में एक जैसा पैटर्न देखने को मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर राजनीतिक दलों को तोड़ते हैं और इसके बाद उनके चुनाव चिह्न पर कब्जा कर लिया जाता है।

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा, "पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न - भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है।" उन्होंने आगे कहा कि जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं है। राहुल गांधी ने इसे "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" बताते हुए कहा कि ये देश में लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं।

### चुनाव आयोग की संवैधानिक भूमिका पर सवाल

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी जनता के जनादेश की रक्षा करना है, लेकिन उनके आरोप के अनुसार आयोग इसके विपरीत उन ताकतों की मदद कर रहा है जो जनता के फैसले को पलट देती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न का विवाद केवल पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मामला नहीं है। उनके मुताबिक, यह हर राजनीतिक दल और हर मतदाता की लड़ाई है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहता है।



### तृणमूल कांग्रेस के नाम और चिह्न पर आयोग की अंतरिम रोक

राहुल गांधी की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद के चलते आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और पार्टी के 'दो फूल और घास' वाले आरक्षित चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगाई है। आयोग के अनुसार, दोनों पक्ष खुद को वास्तविक तृणमूल कांग्रेस बता रहे हैं और इस विवाद पर चुनाव चिह्न आदेश, 1968 के पैराग्राफ 15 के तहत अंतिम फैसला किया जाना है। आयोग ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि मौजूदा उपचुनावों को देखते हुए दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को समान स्थिति में रखने और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए अंतरिम व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था अंतिम निर्णय होने तक लागू रहेगी। दोनों गुटों से वैकल्पिक नाम और उपलब्ध चुनाव चिह्नों के विकल्प देने को कहा गया था।

### शिवसेना और एनसीपी का भी दिया उदाहरण

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में शिवसेना और एनसीपी के विवादों का भी उल्लेख किया। चुनाव चिह्न को लेकर इन दोनों दलों में हुए विवादों में भी आयोग के समक्ष अलग-अलग गुटों ने पार्टी पर अपना दावा किया था। शिवसेना मामले में आयोग ने पहले पार्टी के नाम और 'धनुष-बाण' चिह्न को फ्रीज किया था और बाद में एक गुट को मूल नाम एवं चिह्न आवंटित किया। एनसीपी के मामले में आयोग ने अजित पवार गुट को मूल पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न दिया था। राहुल गांधी ने इन घटनाक्रमों को तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विवाद से जोड़ते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। हालांकि, चुनाव आयोग का कहना है कि टीएमसी विवाद में दो प्रतिद्वंद्वी गुट पार्टी पर अपना दावा कर रहे हैं और अंतिम निर्णय से पहले उपचुनाव के लिए दोनों को समान स्थिति में रखना आवश्यक था।

### कांग्रेस पहले भी कर चुकी है आयोग की आलोचना

तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न पर अंतरिम रोक के बाद कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग के फैसले की आलोचना की थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि आयोग का यह कदम उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी से पीछे हटने के समान है। राहुल गांधी की ताजा टिप्पणी इसी राजनीतिक विवाद को व्यापक लोकतांत्रिक और चुनावी निष्पक्षता के मुद्दे से जोड़ती है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट के अंत में कहा कि यह लड़ाई केवल ममता बनर्जी की नहीं है, बल्कि हर उस राजनीतिक दल और मतदाता की है जो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव चाहता है।

### राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी का इतिहास नहीं पता, कांग्रेस से अलग बनी थी टीएमसी और एनसीपी: भाजपा

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग द्वारा टीएमसी का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज करने के फैसले पर राहुल गांधी ने भाजपा और आयोग पर विपक्षी दलों को तोड़ने का आरोप लगाया। इस पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी का इतिहास नहीं पता, क्योंकि टीएमसी और एनसीपी खुद कांग्रेस से अलग हुई थीं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के उस अंतरिम आदेश की आलोचना की थी जिसमें ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि रायबरेली के सांसद की बातों से पता चलता है कि उन्हें अपनी ही पार्टी के बारे में कुछ नहीं पता। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, त्रिवेदी ने गांधी के उस आरोप का जवाब दिया जिसमें कहा गया था कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर विपक्षी पार्टियों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह आरोप तब लगाया गया जब चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में होने वाले उपचुनावों में टीएमसी के विरोधी गुटों को पार्टी का नाम और आरक्षित चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया। आयोब ने विवाद पर अंतिम फैसला होने तक दोनों गुटों से वैकल्पिक नाम और चुनाव चिह्न जमा करने को कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि लोगों की राहुल गांधी के बारे में यह धारणा है कि उन्हें देश के बारे में कुछ नहीं पता, आज उन्होंने एक अजीब ट्वीट किया है जिससे पता चलता है कि उन्हें अपनी पार्टी के बारे में भी कुछ नहीं पता। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि वह शिवसेना और एनसीपी के बाद टीएमसी को खत्म कर रही है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ये पार्टियां खुद कांग्रेस से अलग होकर बनी थीं।

## बिहार में बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही: नितिन नवीन

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को बिहार में आई भीषण बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, राज्य सरकार की त्वरित कार्रवाई, केंद्र के सहयोग और अपने व्यक्तिगत अंशदान का उल्लेख किया। नवीन ने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता, राहत शिविरों और फसल क्षति के आकलन के ज़रिए हर संभव मदद पहुँचाई जा रही है तथा पूरी सरकार इस संकट में जनता के साथ मजबूती से खड़ी है।

- **बिहार बाढ़ : भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने तीन महीने का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान किया**
- **नवीन ने राज्य सभा सांसद के रूप में अपने तीन महीने के वेतन की राशि 6 लाख 35 हजार रूपये की मदद की**

नवीन ने कहा कि राज्य में हालात पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और सरकार प्रभावित लोगों तक समय पर राहत व आवश्यक सहायता पहुँचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। संकट की इस घड़ी में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए, एक राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने अपने तीन महीने के वेतन की राशि 6,35,000 रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान की है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 7,000 रूपये प्रति परिवार के हिसाब से कुल 550 करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों, कम्युनिटी किचन, चिकित्सा सुविधाओं और पशुओं के लिए चारे की उचित व्यवस्था की गई है। बचाव कार्यों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं और किसानों की फसल क्षति का आकलन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग का उल्लेख करते हुए नवीन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। अंत में उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सभी बिहार के बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूर्ण प्रतिबद्धता से खड़े हैं।

## दक्षिणी राज्यों के कृषि रोडमैप पर मंथन: हैदराबाद में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने क्षेत्रीय कृषि कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

# सिर्फ ईटिंग, मीटिंग, सीटिंग नहीं, परिणाम देना है, कुछ नहीं किया तो ये चीटिंग हो जाएगी: शिवराज

### कहा, केंद्र और राज्य मिलकर हैं टीम एग्रीकल्चर, वैज्ञानिकों और किसानों के बीच संवाद बढ़ाना जरूरी

**मुंबई**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिणी राज्यों की रीजनल कृषि कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यों को कृषि क्षेत्र में तय किए गए लक्ष्यों और कमिटमेंट को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिनभर में जिन विषयों पर चर्चा हुई है उसमें से जो एक्शनएबल पॉइंट्स हैं, उन पर राज्यों को गंभीरता से काम करना होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर एक एग्रीकल्चर टीम हैं। हमारे साइंटिस्ट, हमारे किसान, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, भारत की एक टीम एग्रीकल्चर है। हम मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि इस कांफ्रेंस में राज्यों ने जो कमिटमेंट दिए हैं, उन्हें पूरा करना होगा, नहीं तो ये एक्सरसाइज बेकार हो जाएगी। चौहान ने कहा कि अगर किसी राज्य ने फार्मर आईडी का काम दिसंबर तक पूरा करने का कमिटमेंट किया है तो उसे दिसंबर तक पूरा करना होगा। अलग-अलग कामों को दोहराने की जरूरत नहीं है, लेकिन उन पर कार्रवाई जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर कॉन्फ्रेंस के बाद तय किए गए काम नहीं हुए तो पूरी कवायद बेकार हो जाएगी। एक दिन हम आए, ईटिंग, मीटिंग,



सीटिंग कर ली और कुछ नहीं किया तो ये चीटिंग हो जाएगी जनता के साथ। ये हमको नहीं करना है, हमको परिणाम देना है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि ऊपर बैठी हुई टीम, कृषि मंत्री और नीचे काम करने वाली टीम मिलकर काम करेगी। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान यह तय किया गया था कि राज्य जब भी तारीख तय करेंगे, भारत सरकार के वैज्ञानिक और केवीके के वैज्ञानिक उनके साथ जाएंगे। वैज्ञानिक गांवों और खेतों में जाएंगे, किसानों के साथ बैठेंगे और किसान, वैज्ञानिक व कृषि विभाग के अधिकारी मिलकर चर्चा करेंगे। चौहान ने कहा कि एग्री स्टैक कितना महत्वपूर्ण है, यह सभी राज्यों ने समझा होगा। फार्मर आईडी बनाने के काम में काफी प्रगति हुई है। तेलंगाना और कर्नाटक 75 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गए हैं। वहीं, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में जियो रिफरेंसिंग का काम भी अच्छा हुआ है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में अंडमान निकोबार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल ने पूर्णता हासिल की है, लेकिन जहां फार्मर आईडी बनाने में अभी और मेहनत की जरूरत है, उनमें केरल, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित समय सीमा के भीतर फार्मर आईडी का काम पूरा करना जरूरी है क्योंकि आने वाले समय में कृषि क्षेत्र की कई व्यवस्थाएं इस पर निर्भर रहेंगी। कोई राज्य पीछे नहीं रह जाए, यह मेरी अपेक्षा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि जहां लैंड पार्सल अभी नहीं जुड़े हैं, विशेषकर तमिलनाडु और केरल में, वहां इस काम को तेजी से पूरा करना होगा। लैंड रिकॉर्ड डेटा का किसान रजिस्ट्री के साथ समन्वय भी केरल को करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण के राज्यों में टेनेंट फार्मर्स, यानी बटाईदार या किरायेदार किसानों के लिए एसओपी बनाकर उसे नोटिफाई करने की जरूरत है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीप समूह को इस दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि गांवों के नक्शों की जियो रिफरेंसिंग का काम पुडुचेरी और लक्षद्वीप को करना है।

### 28 और 29 सितंबर को दिल्ली में होगी रबी कॉन्फ्रेंस

चौहान ने बताया कि 28 और 29 सितंबर को दिल्ली स्थित पूसा संस्थान में रबी कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी जिसमें सभी राज्यों के कृषि मंत्री और अधिकारी अपनी-अपनी टीम के साथ रबी सीजन का पूरा प्लान लेकर आएंगे। इसमें यह तय किया जाएगा कि रबी में कौन सी फसल कितने क्षेत्र में बोई जाएगी। कॉन्फ्रेंस में इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर बीज की उपलब्धता, फर्टिलाइजर की आवश्यकता और अन्य जरूरी संसाधनों का आकलन कर आगे की योजना तैयार की जाएगी।

## लोक निर्माण विभाग से जुड़े कथित ठेका विवाद को लेकर कांग्रेस ने लगाए कई गंभीर आरोप

# 'खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है': अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पर जयराम रमेश का हमला

**मुंबई**

अरुणाचल प्रदेश में लोक निर्माण विभाग से जुड़े कथित ठेका विवाद को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू पर तीखा हमला बोला है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों को दिए गए करोड़ों रुपये के ठेकों की जांच के मामले में राज्य सरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना पूरी तरह अस्वीकार्य है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 6 अप्रैल 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश में वर्ष 2015 से 2025 के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा दिए गए करीब 1,270 करोड़ रुपये के ठेकों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। उनके अनुसार, ये ठेके उस समय दिए गए जब पेमा खांडू राज्य के मंत्री थे और आरोप है कि इनका लाभ उनके परिवार के सदस्यों को मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए भी अप्रत्याशित था। उनका आरोप है कि ऐसे गंभीर मामले में मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए था या उनसे इस्तीफा मांगा जाना चाहिए था, लेकिन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर जवाबदेही तय करने के बजाय इसे टालने का रास्ता अपनाया।

**'मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए था':** जयराम रमेश ने कहा कि जिस व्यक्ति के कार्यकाल में कथित तौर पर विवादित ठेके दिए गए, वही व्यक्ति अब भी मुख्यमंत्री पद पर बना हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पेमा खांडू ने विभाग अपने पास बनाए रखा और जांच से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक सीबीआई की पहुंच रोकने की कोशिश की। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि जांच एजेंसी को राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिल रहा है और मुख्यमंत्री स्वयं संबंधित विभाग के प्रभारी हैं, तो निष्पक्ष जांच कैसे संभव होगी। कांग्रेस नेता के मुताबिक, यह स्थिति न केवल प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति राज्य सरकार के रवैये को भी उजागर करती है।

**3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को किया तलब:** जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में कहा कि 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के शीर्ष अधिकारियों को तलब किया था। यह कार्रवाई की उस शिकायत के बाद हुई, जिसमें एजेंसी ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार जांच में सहयोग नहीं कर रही है। कांग्रेस नेता के अनुसार, सीबीआई को संबंधित फाइलें और दस्तावेज उपलब्ध कराने में राज्य सरकार की ओर से कथित तौर पर टालमटोल की गई। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री, जो अब भी पीडब्लूडी विभाग संभाल रहे हैं, जांच से जुड़े रिकॉर्ड तक एजेंसी की पहुंच को सीमित कर रहे थे। जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ अदालत का रुख अपनाए जाने से केंद्रीय गृह मंत्रालय भी असहज हुआ। हालांकि, इस संबंध में केंद्र सरकार या गृह मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**24 अगस्त की सुनवाई में दस्तावेजों को लेकर सवाल:** कांग्रेस नेता ने कहा कि 24 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार ने सीबीआई को प्रासंगिक दस्तावेज देने के बजाय बड़ी मात्रा में ऐसे दस्तावेज सौंप दिए, जिनका जांच से सीधा संबंध नहीं था। उनके अनुसार, अदालत ने इस बात पर आपत्ति जताई कि जांच एजेंसी को जरूरी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के बजाय दस्तावेजों का बड़ा हिस्सा भेजकर मामले को उलझाने की कोशिश की गई। जयराम रमेश ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 25 सितंबर को निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की लगातार निगरानी के बावजूद मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना गंभीर चिंता का विषय है।

**'यह प्रधानमंत्री की पूरी तरह से दोहरी नीति है':** जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन जब मामला भाजपा शासित राज्य के मुख्यमंत्री से जुड़ा होता है तो वही सरकार चुप्पी साध लेती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री एक ओर विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई को सही ठहराते हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा शासित राज्यों में गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने इसे प्रधानमंत्री की "पूरी तरह से दोहरी नीति" करार दिया। जयराम रमेश ने कहा कि यदि किसी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उनके परिवार से जुड़े लोगों को हजारों करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का आरोप हो और उसी मामले में सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच का आदेश दे, तो मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना नैतिक और राजनीतिक दोनों दृष्टियों से उचित नहीं हो सकता।

**'खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है':** कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट के अंत में भाजपा सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश का यह मामला उस कथित राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण है जिसमें "खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है।" उन्होंने कहा कि यह मामला केवल ठेकों या दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि शासन में पारदर्शिता, हितों के टकराव और संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान से जुड़ा हुआ है।

उनके मुताबिक, यदि राज्य सरकार जांच एजेंसी को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराती है और मुख्यमंत्री पद पर बने रहते हैं, तो इससे जनता के बीच यह संदेश जाता है कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग नियम हैं। **भाजपा या अरुणाचल प्रदेश सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार:** जयराम रमेश के आरोपों पर भाजपा और अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से तत्काल कोई विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होनी है। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि अदालत राज्य सरकार के सहयोग, दस्तावेजों की उपलब्धता और मुख्यमंत्री की भूमिका को लेकर क्या रुख अपनाती है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in